卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 9 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦15 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## प्रथम नवरात्र




नवरात्र के प्रथम दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा की जाती है। प्रथम दिन घट स्थापना के साथ इनका विधि विधान से पूजा करने से भक्तों के सभी कष्ट दूर होते हैं।

## इजराइल में फंसे उत्तराखण्ड के दस और लोगों को वापस लाया गया

देहरादून(उद संवाददाता)। इजरायल और हमास के जारी युद्ध के बाद बड़े पैमाने पर फलस्तीनियों का पलायन शुरू हो गया है। इस युद्ध में कई भारतीय फंसे हुए हैं और इन्हें वहां से सही सलामत निकालने के लिए ऑपरेशन अजेय चलाया जा रहा है। ऑपरेशन अजेय के तहत इजराइल में फंसे भारतीयों को सही सलामत स्वदेश वापस लाया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा विशेष विमान से लोगों को वापस लाया जा रहा है। उत्तराखंड के फंसे लोग भी स्वदेश लौट आए हैं। ऑपरेशन अजेय के अंतर्गत आज सुबह इजराइल से भारत सरकार द्वारा दो विशेष विमान (शेष पृष्ठ सात पर)



## पर्यटकों के लिए खुला बिजरानी और गर्जिया जोन

रामनगर (उद संवाददाता)।मानसून सीजन के चलते बंद किए गए कार्बेट पार्क के बिजरानी व गर्जिया जोन को 106 दिन बाद पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। रविवार सुबह पर्यटकों को लेकर जंगल सफारी के लिए जिप्सी आई। जिनका पार्क प्रशासन ने स्वागत किया। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की निदेशक डॉ धीरज पांडे, पार्क वार्डन अमित ग्वासीकोटी, विधायक प्रतिनिधि व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन जोशी ने हरी झंडी दिखाते हुए पर्यटकों की जिप्सी (शेष पृष्ठ सात पर)



## कंटेनर की टक्कर से युवक गंभीर

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े युवक को कंटेनर ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक के चाचा की शिकायत पर पुलिस ने कंटेनर ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस को दी शिकायत में ग्राम खजुरिया, थाना बहेड़ी, जिला बरेली निवासी अमजद अली पुत्र मुस्कीन शाह ने कहा कि उसका 35 वर्षीय भतीजा फुरकान अली अपने छोटे भाई मोहम्मद शान की दवाई लेने विगत 11 अक्टूबर को बहेड़ी से हल्द्वानी जा रहा था। शिकायत के अनुसार पुलभट्टा चौराहे के पास दोनों भाई हल्द्वानी जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रहे थे, इसी दौरान बहेड़ी से किच्छा की तरफ तेजी से आ रहे कंटेनर ट्रक के चालक ने भतीजे फुरकान अली को टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद कंटेनर ट्रक गड्ढे में फंस गया तथा स्थानीय लोगों ने वाहन चालक को मौके पर ही पकड़ लिया। इसी बीच पहुंची थाना पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया तथा घटना में घायल भतीजे फुरकान को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने फुरकान को गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया। अमजद अली ने बताया कि घायल फुरकान का बरेली के निजी अस्पताल में गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

## ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर मासूम की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। केलाखेड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार शाम धान से ओवर लोड ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर हुई मासूम की मौत ने स्थानीय लोगों को अंदर तक झकझोर कर रख दिया। पुलिस ने मासूम के शव का पोस्ट मार्टम कराया है। ज्ञातव्य है कि गांधी नगर वार्ड नंबर 9 केलाखेड़ा निवासी नजाकत का 8 वर्षीय पुत्र रहीम शनिवार की शाम घर से दुकान पर सामान लेने जा रहा था इसी दौरान हॉस्पिटल रोड पर तेज रफ्तार से चली जा रही धान से ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली कि चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से बच्चों को चपेट में लेकर उसे गंभीर रूप से लहूलुहान कर (शेष पृष्ठ सात पर)



## गौशाला के कर्मचारी की संदिग्ध मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। हेमपुर डिपो गौशाला में तैनात सइस(घोड़ों की देखभाल करने वाले) की रहस्य में मौत से परिवार में गहरा शोक व्याप्त है। पुलिस ने आज मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मूल रूप से वशिष्ठ नगर 360 अंबाला कैंट तथा हाल आरटीसी हेमपुर गौशाला निवासी 59 वर्षीय जयप्रकाश पुत्र होरीलाल डिपो में सइस के पद पर कार्यरत है। परिजनों के मुताबिक बीती शाम वह घर के जरूरी सामान लेकर पैदल वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान क्लास 2 मोड के पास अचानक अचेत होकर गिर पड़ा। स्टाफ तथा परिजनों को इसकी जानकारी होने पर उसे तत्काल नजदीक(शेष पृष्ठ सात पर)



## संदिग्ध हालातों में बालिका की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संदिग्ध हालातों में तबियत बिगड़ने से एक दस वर्षीय बालिका की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से बिहार के जिला मुजफ्फरपुर ग्राम खजरी निवासी शिव शंकर यहां तीन पानी स्थित दुर्गा कालोनी में परिवार के साथ रहते हैं उनकी दस वर्षीय पुत्री मुस्कार का बीती शाम अचानक स्वास्थ्य बिगड़ गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। तबियत ज्यादा बिगड़ने पर उसे हायर सेंटर रैफर किया गया। इसी बीच बालिका ने दम तोड़ लिया। सूचना पर पुलिस ने शव (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों की ठगी का वांछित साईबर ठग गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसटीएफ की साईबर पुलिस ने रिटायर्ड स्वास्थ्य अधिकारी के साथ हुई लाखों की साइबर ठगी में एक और अभियुक्त को इटावा उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। साईबर अपराधियों ने रिटायर्ड स्वास्थ्य अधिकारी से फर्जी ट्रैजरी ऑफिसर बनकर फण्ड रीलीज कराने के नाम पर 10.50 लाख की ठगी की थी। पकड़े गए साइबर ठग से कई क्रेडिट्स और डेबिट कार्ड,बैंक पासबुक,चेक बुक और मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि विगत वर्ष माह अक्टूबर में साइबर ठगी का एक प्रकरण कोतवाली हल्द्वानी जनपद नैनीताल में दर्ज किया गया था। जिसमें रिटायर्ड स्वास्थ अधिकारी ने स्वयं के साथ 10 लाख 50 हजार 400 रूपये की धोखाधडी किये जाने के बारे में बताया कि उनके साथ साईबर ठग द्वारा ट्रेजरी आफिसर बनकर रिटायरमैण्ट पर प्राप्त होने वाले फण्ड आदि की जानकारी लेकर मोबाईल पर लिंक भेजकर धोखाधडी से उपरोक्त धनराशि आहरित कर ली गयी । इस अभियोग की विवेचना पुलिस मुख्यालय के आदेश पर थाना कोतवाली हल्द्वानी से साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन कुमाऊँ परिक्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक साईबर क्राईम ललित मोहन जोशी के सुपुर्द की गयी थी । विवेचना के दौरान साईबर थाना पुलिस टीम द्वारा तकनीकी / डिजिटल साक्ष्य / एटीएम फुटेज एकत्र कर घटना के मुख्य आरोपी अभिषेक शॉ पुत्र अरुण शॉ निवासी कोलकता को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था परंतु इसी मामले में एक अन्य वांछित अभियुक्त विशाल सिंह पुत्र रनवीर सिंह निवासी ग्राम अजबपुर असवा थाना बढ़पुरा जिला इटावा उत्तर प्रदेश (शेष पृष्ठ सात पर)



## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से कुछ महीने पहले एक नाबालिग लड़की लापता हो गई थी। पुलिस ने नाबालिग लड़की के परिजनों की ओर से दी गई तहरीर पर कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया। नाबालिग लड़की के बयानों के आधार पर पवन कुमार पुत्र श्रीकृष्ण ग्राम हेमपुर थाना बिलसंडा पीलीभीत यूपी के खिलाफ 376, 363, 366 पॉस्को के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। इसके बाद पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया और आरोपी की गिरफ्तारी को धरपकड़ शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक आरोपी पर नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी को मोदी मैदान से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसे जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है।

## एक ही जमीन कई लोगों को बेचकर लाखों की धोखाधड़ी

किच्छा(उद संवाददाता)। एक व्यक्ति को जमीन बेचकर लाखों रुपए की धनराशि प्राप्त करने के बाद अन्य लोगों को प्लाट बेचकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। मामला जानकारी में आने के बाद पीड़ित खरीदार ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत देकर न्याय किए जाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में ग्राम गंगापुर, तहसील रुद्रपुर निवासी शकील अहमद खान ने कहा कि उसके द्वारा ग्राम लालपुर में भूमि का सौदा कर 4 मार्च 2012 में इकरारनामा किया था। चेक एवं नगद के माध्यम से पीड़ित ने जमीन की पूरी पेमेंट अदा कर दी। आरोप है कि शकील अहमद से पेमेंट लेने के बावजूद अधिक पैसा कमाने के लालच में विक्रेता और उसके पुत्र ने जमीन की प्लाटिंग कर लोगों से पैसे लेने शुरू कर दिए। इसके बाद 23 नवंबर 2021 को गवाहों की मौजूदगी में एक नोटराइज शपथ पत्र बनवाते हुए पूरी धन राशि प्राप्त करने तथा जमीन से कोई लेनदेन न होने की बात (शेष पृष्ठ सात पर)

## मां शैलपुत्री के पूजन के साथ नवरात्र उत्सव शुरू

रूद्रपुर/काशीपुर(उद संवाददाता)। शारदीय नवरात्रि के महाउत्सव के मौके पर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना करने को लेकर क्षेत्र की विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। पूजा अर्चना के दौरान श्रद्धालुओं ने घर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। नवरात्रि की मौके पर क्षेत्र में तमाम स्थानों पर धार्मिक आयोजन भी कराए जा रहे हैं। उधर दूसरी ओर असंख्य परिवारों में शारदीय नवरात्र के मौके पर मां के भक्तों ने घरों में कलश स्थापित करते हुए पूरे 9 दिन का उपवास रखा है। क्षेत्र की तमाम सिद्ध पीठ मंदिरों में सुबह सवेरे से बज रहे घंटे घड़ियालों की गूंज से इलाका पूरी तरह भक्तिमय हो उठा है। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन भक्तों ने सुबह उठकर स्नान आदि के पश्चात कलश, मौली, आम के पत्ते का पल्लव (5 आम के पत्ते की डली), रोली, गंगाजल, सिक्का, गेहूं या अक्षत, जवार बोने के लिए सामग्री, मिट्टी का बर्तन, शुद्ध मिट्टी, गेहूं या जौ, मिट्टी पर रखने के लिए एक साफ कपड़ा, साफ जल, और कलावा के अलावा अखंड ज्योति के लिए पीतल या मिट्टी का दीपक,(शेष पृष्ठ सात पर)



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# दशरथ दरबार और ताड़का वध की लीला का मंचन

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री शिव पार्वती रामलीला आवास विकास में तीसरे दिन नाट्य कला परिषद के व्यवस्थापक विकास तनेजा व निर्देशक रूपेश वाधवा के निर्देशन में कलाकारों





द्वारा सुंदर अभिनय की प्रस्तुति मे दशरथ दरबार व ताड़का वध तक की लीला मंचन प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को भावविभोर किया। मंच पर अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले एवं शिव पार्वती रामलीला में श्रृंगारकर्ता के रूप में अपनी सेवा दे रहे पत्रकार गौरव बत्रा द्वारा प्रथम बार ताड़का का किरदार निभाकर पंडाल में आई हुई जनता जनार्दन ने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। गौरव बत्रा के इस किरदार को लोगों ने खूब सराहना करते हुए कहा कि प्रथम बार में ताड़का का किरदार निभाते हुए अपने किरदार के साथ न्याय किया है। श्रीराम लीला मंचन के दौरान कमेटी अध्यक्ष प्रेम सचदेवा, महामंत्री रमन छाबड़ा, कोषाध्यक्ष जुगनू डंग, महावीर दल अध्यक्ष बंटी छाबड़ा ने मुख्य अतिथि उत्तरांचल पंजाबी महासभा के महामंत्री संजीव झाम एवं सभासद लीना संजीव झाम सहित अन्य अतिथियों को पगड़ी पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संजीव झाम ने बताया की भगवान राम में अनेक गुण हैं, उन्होने मर्यादा, करुणा, दया, सत्य, सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलते हुए राज किया, इस कारण उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा जाता है। मंचन कार्यक्रम में ताड़का की भूमिका निभा रहे गौरव बत्रा की प्रस्तुति को उपस्थित दर्शको द्वारा बहुत सरहाया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विकास तनेजा ने किया। इस मौके पर उत्तरांचल पंजाबी महासभा के संगठन मंत्री अंकित खेड़ा, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, जियो जिंदगी व्यवस्थापक हिमांशु सुखीजा, साहिल गाबा, संतलाल हुडिया, राकेश भुड्डी, राजकुमार गुंबर, वीरेंद्र गगनेजा, केवल फुटेला, मनोज पांडे, सुनील छाबड़ा, कमल अनेजा, मदन अरोड़ा, नवल खेड़ा, हरीश रेलहन, संजय डावर, सचिन गुप्ता, रिकू भुसरी, साहिल गुंबर, अशोक बजाज, मनीष सेतिया सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सितारगंज में कांग्रेस का विशाल प्रदर्शन कल

किच्छा(उद संवाददाता)। किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष करण मेहरा के नेतृत्व में कल कृषि मंडी स्थल सितारगंज में कांग्रेसियों का विशाल धरना प्रदर्शन होगा।जिसकी को लेकर नगर



कांग्रेस कमेटी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी के कार्य कर्ताओं ने एक बैठक कर व्यापक रण निति बनाते हुए सितारगंज में अयोजित धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए सभी की जिम्मेदारियां निर्धारित की। सितारगंज मे आहूत कांग्रेस के धरना प्रदर्श मे किसानों की उपज का सही मूल्य देने , धान खरीदी में तेजी लाने की मुख्य मांग रहेगी। कांग्रेस द्वारा इस धरना प्रदर्शन मै प्रदेश सरकार के साथ साथ केन्द्र सरकार के मुखिया प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला बोला जायेगा तथा किसानों की आय दुगना करने के वादे पर जवाब मांगा जाएगा। कांग्रेस कमेटी के नगराध्यक्ष भूपेंद्र सिंह नगर के कार्यालय में आयोजित इस बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट, एडवोकेट आरके शर्मा, एन यू खान ,ओम प्रकाश दुआ ,राजेश प्रताप सिंह, जगरूप सिंह गोल्डी, गुलशन सिंधी, अक्षय बाबा, नगर पालिका अध्यक्ष,दर्शन सिंह कोहली, फाजिल खान, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रमेश तिवारी उर्फ गुड्डू ,नितिन शर्मा, अशोक मित्रा , मिस्वाल कुरैशी, अकरम, महिपाल सिंह बोरा ,नासिर खान, लियाकत अंसारी, डिम्पल सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।




# विधायक बेहड़ ने किया रामलीला मंचन का शुभारंभ

किच्छा(उद संवाददाता)। पुरानी गल्ला मंडी स्थित रामलीला ग्राउंड में शनिवार की संध्या रामलीला मंचन का उद्घाटन क्षेत्रीय विद्यायक तिलक राज बेहड़ के द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर एवं द्वीप प्रवजलित कर किया गया।तथा गणेश वंदना कर रामलीला का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियो को संबोधित करते हुए विधायक बेहड़ ने रामलीला को प्राचीन परंपरा बताते हुए कहा कि यह मर्यादा, संस्कृति व संस्कार की पाठशाला है। इसका अनुसरण कर समाज में व्याप्त कई सामाजिक बुराइयों का जहां अंत किया जा सकता है वहीं भूल रहे मर्यादा, संस्कार व संस्कृति को हम पुनः स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने जिस तरह अपना जीवन जिया था, ठीक उसी प्रकार हमे भी ऐसा ही जीवन जीने की जरूरत है। बेहड़ ने कहा कि गाँवो और शहरों में अभी भी पौराणिक संस्कारों एवं



पद्धतियों को जीवंत रखने का प्रयास जो यहाँ के लोग कर रहें हैं, वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं, इसे जीवंत रखने के लिए हम सभी को भी प्रयास करना चाहिए। रामलीलाओं का आयोजन समाज में समरसता, समन्वय और सांप्रदायिक सौहार्द की मिठास घोलती हैं। इस मौके पर विधायक बेहड़ ने रामलीला ग्राऊंड के सौंदर्य करण हेतु विधायक निधी से 5 लाख रुपए देने की घोषणा की तथा रेलवे फाटक से संत कबीर दास मंदिर तक सडक जों पहले हि स्वीकृत हो चुकी है उसका निर्माण दशहरे से पूर्व हो सके इसका वो पूर्ण प्रयास करेंगे। रामलीला कमेटी द्वारा विधायक बेहड़ कों प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ने भी सभी आयोजन कर्ताओं को भव्य रामलीला के शुभारंभ पर बधाई दी। इस दौरान कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, रामलीला कमेटी के संरक्षक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, पण्डित नगद शर्मा, अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, डायरेक्टर जितेंद्र अग्रवाल डब्बू, भारत भूषण जोशी, सचिव विकास दाबड़ा,कोषाध्यक्ष रिंकल गुप्ता ,ओम प्रकाश दुआ,सुनील ठाकुर,गुलशन सिंधी,दिलीप सिंह बिष्ट, सुनीता कश्यप, राजीव अग्रवाल, परमजीत सिंह पम्मी, कलावती, रवीश सक्सेना,शेखर पांडे, मनोज गुप्ता, हरीश सक्सेना, दुलीचंद चांगल, अनुज सक्सेना, कुंज बिहारी,राजीव अग्रवाल, अंशुल गंगवार,अमित कालड़ा, बिट्टू हंसपाल, शिवम चांगल, डिम्पल सिंह, बाबू कोली, जमील अहमद,राजकुमार कश्यप,अर्जुन कोली, नन्दलाल,आदि लोग उपस्थित रहे।

# छात्रों के लिए शिक्षा के साथ खेलकूद भी जरूरी: रणवीर सिंह

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के प्रतिष्ठित हिमालय प्रोग्रेसिव स्कूल में फुटबाल महाकुंभ का आगाज सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच किया गया। फुटबाल महाकुंभ का उद्घाटन डॉक्टर रणवीर सिंह रीजनल ऑफिसर सीबीएसई द्वारा खिलाड़ियों का परिचय करते हुए किया गया। पहला मैच शराफ पब्लिक स्कूल खटीमा व भारतीय शहीद सैनिक स्कूल नैनीताल के बीच खेला गया। इस अवसर पर रीजनल ऑफिसर डॉक्टर रणवीर सिंह ने कहा कि वर्तमान में प्रत्येक छात्र की खेल में अभिरुचि होना अति आवश्यक है। खेलों के बिना छात्रों का जीवन बेकार है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को पढ़ाई के साथ-साथ मनपसंद खेलों में अभिरुचि रखना नितांत आवश्यक है । जिस छात्र में खेल के प्रति अभिरुचि नहीं होगी उसे छात्र का मस्तिष्क की स्मरण शक्ति कमजोर रहेगी। उन्होंने कहा कि खेल और शिक्षा के बीच में संतुलन बना ही जीवन को सही मायने में जिया जा सकता है । इस अवसर पर हिमालय



प्रोगेसिव स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश कुमार शर्मा द्वारा उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी छात्रों के कौशल के विकास के लिए फुटबाल महाकुंभ का आयोजन किया गया है। जिसमें हरियाणा, यूपी ,दिल्ली, उत्तराखंड सहित तमाम राज्यों की 48 टीमों ने रजिस्ट्रेशन कराया जो कि छात्रों के खेलों के प्रति अभिरुचि दर्शाता है ।उन्होंने उपस्थित सभी खिलाड़ियों को जी जान से अपने खेल का प्रदर्शन करने की सलाह देते हुए कहा कि जब दो खिलाड़ी मैदान में उतरते हैं तो एक विजय घोषित होता है इसका मतलब यह नहीं की दूसरे खिड़की में कौशल नहीं है ।यह प्रतिस्पर्धा का खेल है जो जितना अधिक कौशल दिखाएगा वह उतना ही अधिक सफल होगा ।उनका प्रयास है कि प्रत्येक खिलाड़ी दिन प्रतिदिन अपने कौशल को बढ़ता रहे जिससे उसकी शारीरिक दक्षता मस्तिष्क दक्षता भी बढ़ती रहेगी और जीवन में सफलता की सीडी चढ़ते जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से डिप्टी सिटी कोऑर्डिनेटर अजय कुमार, पुनीत गोयल, बृजेश कुमार दुबे, हिमांशी शर्मा के अलावा विजडम पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य प्रदीप रौतेला, भारत शहीद सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य नैनीताल बिशन सिंह मेहता, हिमालयन प्रोगेसिव स्कूल के कोच जितेंद्र चंदोला, सतपाल गावा के अलावा संपूर्ण विद्यालय स्टाफ ने योगदान दिया।

# तैराकी के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर पर शूटिंग में हिस्सा लेगा अमन

रामनगर (उद संवाददाता) ।राजकीय इंटर कालेज रामनगर में बारहवीं कक्षा का छात्र अमन कुमार अब तैराकी के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर पर शूटिंग में भी भाग लेगा। यह जानकारी अमन के कोच दयाल सिंह फर्सवान ने दी है। उनके अनुसार अमन ने शिक्षा विभाग की बच्चों की राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल पा राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए जगह बना ली थी, इसके बाबजूद अमन निराश था क्योंकि प्रैक्टिस के लिए स्विमिंग पूल ही नहीं मिल पा रहा था।तब अमन के शिक्षक नवेंदु मठपाल व अन्य लोगों की सक्रियता से अमन को लिटिल स्कॉलर्स स्कूल प्रतापुर में स्विमिंग पूल भी मिला और कोच भी मिले। फर्सवान के अनुसार अब अमन 37 वें नेशनल गेम जो इसी माह गोवा में होंगे में प्रतिभाग करेगा। मॉर्डन पेंथाथलॉन गेम उत्तराखंड के अध्यक्ष पंकज भल्ला के अनुसार इस खेल में 7 लड़के,7 लड़कियां प्रतिभाग करेंगी अमन उनमें से एक होगा।इस गेम में अमन स्विमिंग के साथ साथ रनिंग और शूटिंग में भी प्रतिभाग करेगा।एक बच्चा जिसके पिता न हों, मां मजदूर हों उसके लिए यह उपलब्धि कितनी बड़ी है आप समझ सकते हैं,जनसहयोग से ही अमन ने आज यह मुकाम हासिल किया है।अमन के स्कूल में व्यायाम शिक्षक मानस शाह,वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक नवीन जोशी ने आशा व्यक्त की है कि अमन राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन करेगा।



# कर्मचारी यूनियन का गठन

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।उत्तराखंड राज्य भंडारण निगम के कर्मचारियों की बैठक में कर्मचारियों के हितों को देखते हुए यूनियन का गठन किया गया। बैठक में यूनियन के अध्यक्षश्री संतोष कुमार नेगी व मुख्य अतिथि व संरक्षक पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा कर्मचारियों के कल्याण हेतु बैठक को संबोधित किया। व




उनके द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं के निवारण हेतु सदैव तत्पर रहने का वायदा किया। बैठक में सर्वसमति से राजकुमार ठुकराल को संरक्षक, संतोष सिंह नेगी अध्यक्ष एवं आशुतोष कौशिक को महामंत्री चुना गया। शेष पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन भी किया गया। इस दौरान हर्ष मोहन टेलिया,राकेश दुबे,सर्वेश राठौर,राजीव पन्त,रमेश कुमार,प्रभाकर जोशी,भावेश भट्ट संजय ठुकराल आदि लोगो मैजूद थे।

# प्रभु राम की बारात से पूर्व हजारों महिलाओं ने लगाई मेहंदी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन शिव मन्दिर कमेटी द्वारा प्रभु राम की बारात से पूर्व गत दिवस हजारों महिलाओं ने लटूरिया आश्रम में बड़े धूमधाम के साथ मेहन्दी रस्म आयोजित की। जिसमें करीब दो हजार से अधिक महिलाओं ने एक दूसरे मेहन्दी लगाई व पंजाब से आये गिद्दा व भगवान राधा कृष्ण की झांकी के साथ जमकर नृत्य किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट थे। वरपक्ष की तरफ अयोध्यापुरी से जनकपुरी रामलीला मैदान पहुँचकर सीता जी के लिये मेहन्दी भेट की। मेहन्दी भेंट करने वालों विधायक बंशीधर भगत, सुभाष मोगा, जोगेन्द्र रौतेला, साकेत अग्रवाल, प्रताप बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, चौधरी समर पाल, अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, कार्यक्रम सयोंजक हरिमोहन अरोड़ा, रूपेन्द्र नागर, पदम् पाल आदि नाचते गाते हुए बैंड बाजों के साथ पहुँचे। वही रामलीला संचालन समिति के



पदाधिकारी अयोध्यापुरी लटूरिया आश्रम में माँ सीता जी के चरणों की लाई मेंहदी भेंट की। जिसे हजारों महिलाओं द्वारा रचाया गया। कार्यक्रम सयोंजक शिव कपूर ने बताया मेहंदी रस्म के बाद भण्डारे का आयोजन किया गया। आज भव्य राम बारात का निकाली जायेगी। इस मौके पर अमित आसवानी, रूपेन्द्र नागर, सुनील गुप्ता, सुशील गुप्ता, सूरज लाम्बा, विवेक शर्मा, दिनेश अग्रवाल, हिमान्शु मिश्रा, रामरूप गुप्ता, राजू जायसवाल, आंनद गुप्ता, मन्नू कपूर, सरोज गुप्ता, प्रीती आर्या, विनीता कपूर, विपिन साहू, आरती गुप्ता, कशिश जायसवाल, समेत हजारों भक्त थे।

# मां ज्वाला जी की ज्योति का हुआ जोरदार स्वागत

## रूद्रपुर पहुंचने पर पुष्पवर्षा के साथ किया भक्तों का भव्य स्वागत





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री दुर्गा यात्रा समिति द्वारा श्री दुर्गा मंदिर रुद्रपुर से 32वी मां वैष्णो दरबार यात्रा में कल हिमांचल प्रदेश से माँ ज्वाला जी की पवित्र ज्योति लेकर रुद्रपुर पहुंचे माँ भक्तो का रुद्रपुर में भव्य स्वागत हुआ। सबसे पहले ज्वाला ज्योति का स्वागत हिमांचल के ऊना में माँ भक्तो द्वारा किया गया और प्रशाद वितरित किया। वहीं रात्रि में अम्बाला में हैप्पी के निवास पर भी पर भी बहुत ही धूमधाम से स्वागत किया गया। उसके बाद वहां भजन कीर्तन किया गया। दोपहर को काशीपुर में लाला दिनेश मावे वालो के पैट्रोल पम्प पर भव्य स्वागत हुआ। फूलो की वर्षा की गई और सभी यात्रियों का स्वागत कर लंगर की व्यवस्था की गई। गदरपुर में भी धूमधाम से ज्योत का स्वागत हुआ। उसके बाद रूद्रपुर गल्ला मंडी में ज्योत का श्री दुर्गा मंदिर सभा ओर सभी नगर की धार्मिक समाजिक संस्थाओं द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में दुर्गा मंदिर की अध्यक्ष रेणु अरोरा, किशन नारंग, गुरुशरण बब्बर, देवेन्द्र कुकरेती, दीपक अरोरा, संदीप धीर, गुरमीत सिंह, संजय जुनेजा, केवल बत्रा जी, सुनील ठुकराल, विकास शर्मा, महेश बब्बर, विजय जग्गा, राकेश सुखीजा, अमित बांगा, ओम प्रकाश अरोरा, रोहित जग्गा, सागर छाबड़ा, श्वेता गाबा, कृष्णा गाबा, पूनम कक्कड़, इना ठुकराल, हरीश ठुकराल आदि शामिल थे। यात्रा करने वालो में संयोजक वेद ठुकराल महंत राजीव ठक्कर, पवन गाबा पल्ली, मोहित बत्रा, किशन मेहता जी काका नारंग, विक्की कक्कड़, कथा वाचक लाडली जी, गीता कुशवाह, राजीव गौड़, अमित दुआ, अंशु कक्कड़ ,किशन सुखीजा,, विपिन अरोरा, पंकज शर्मा, नजीर सिंह, रीता मेहता, एकता दुआ, ठाकुर ओम वीर सिंह, सुनीता सिंह, गीता सुखीजा, अशोक चोपड़ा, राजेन्द्र अग्रवाल, ,भावना सचदेवा, गीतिका सचदेवा, राम राजदेव, ऋषभ दुनेजा, रोहित, राकेश मण्डल, सौम्या, कपीश, ओम सचदेवा आदि माता के भक्त थे।

## एमबी प्लाईवुड में पावन ज्योति पहुंचते ही भावुक हुए वेद ठुकराल

रूद्रपुर। पिछले तीन दशक से मां वैष्णो देवी की यात्रा पर जा रहे श्री दुर्गा यात्रा समिति के संयोजक इस बार भी 32वीं यात्रा लेकर मां ज्वाला की की पावन ज्योति लेने गये थे। इस बार यात्रा के दौरान अपने मामा वरिष्ठ समाजसेवी हरि चंद मिड्ढा के जी के निधन का समाचार मिलने पर वह व्यथित हो गये। वापस लौटते समय जब गदरपुर रोड पर स्व. हरि चन्द्र मिड्ढा की एमबी प्लाईवुड फैक्ट्री से यात्रियों का जत्था होकर गुजरा तो वेद ठुकराल भावुक हो उठे। दरअसल एमबी प्लाईवुड पर हर साल मां ज्वाला जी की पावन ज्योति का जोरदार स्वागत किया जाता है। इस बार संकल्प से बधे होने के कारण वेद ठुकराल न तो अपने मामा जी के निधन पर अफसोस जता सकते हैं न ही परिवार से गले मिल सकते है और न ही उनके घर का कुछ ग्रहण कर सकते है। कल जब पावन ज्योति लेकर एम बी प्लाईवुड पहुंचे तो उनकी आँखे भर आयी। ऐसे वक्त पर वेद ठुकराल ने अपने को संभाले रखा। हर जुबान पर उनका ही नाम था।



## आरएएन पब्लिक स्कूल में जिला स्तर पर प्रधानाचार्यों की बैठक हुई संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल में जिला स्तर पर प्रधानाचार्यों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय शिक्षा बोर्ड देहरादून के रीजनल ऑफिसर डॉक्टर रणवीर सिंह के द्वारा संबोधित किया गया। इस सभा का मुख्य उद्देश्य विद्यालयी शिक्षा के संचालक मोहित राय, संचालिका श्रीमती निधि राय, प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट तथा 120 स्कूलों के प्रधानाचार्यो की उपस्थिति में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। तत्पश्चात विद्यालय संचालक श्रीमान मोहित राय द्वारा सभी अतिथियों का अभिनंदन किया गया। इसके बाद प्रति कैसे सजग बनाया जाए और नई शिक्षा नीति को सरलता से अपनाते हुए परीक्षा में आने वाली चुनौतियों को सहज बनाने के अनेक बिंदुओं पर प्रकाश डाला। रीजनल ऑफिसर रणवीर सिंह ने अपने संभाषण में सभी विद्यार्थियों से अपनी संस्कृति व मिट्टी से जुड़ी रहने व अपने माता-पिता व गुरुओं का सम्मान करने



शैक्षणिक स्तर का विकास करना तथा आगामी बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र का नया स्वरूप प्रकट कर परीक्षा परिणाम बेहतर बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर रणबीर सिंह, विद्यालय अध्यक्ष विंग कमांडर एच. के. राय, श्रीमान एन. एस.धालीवाल, अध्यक्ष उधम सिंह नगर एसोसिएशन आफ इंडिपेंडेंट स्कूल, श्रीमान सुरजीत सिंह, मनोज खेड़ा, विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना की सुंदर प्रस्तुति तथा उत्तराखंड की संस्कृति के कुमाऊनी और गढ़वाली नृत्य ने सब का मन मोह लिया। डॉ रणबीर सिंह ने समस्त विद्यालयों के प्राध्यापक गण, डायरेक्टर, उप प्राध्यापक, सिटी कोऑर्डिनेटर, डिप्टी सिटी कोऑर्डिनेटर सभी को संबोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार बच्चों को परीक्षा में आने वाली समस्याओं के की सीख दी । कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती वंदना शर्मा ने सभी गणमान्य सदस्यों, अनुराग सिंह, मंजू जोशी, नीरज तिवारी, श्रीमती शिखा गौतम, श्रीमान चेतन अरोरा व वहां उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों का धन्यवाद करते हुए अमूल्य समय देने के लिए आभार व्यक्त किया। इस प्रकार दोपहर भोज्य के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

## एसबीएस में अभिभावक शिक्षक परिषद का गठन

### परमार अध्यक्ष व चंदी उपाध्यक्ष निर्वाचित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अभिभावक शिक्षक परिषद की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सत्र 2023-24 हेतु अभिभावक शिक्षक परिषद की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अरविन्द सिंह परमार अध्यक्ष , सुखदेव सिंह चंदी उपाध्यक्ष तथा श्रीमती संगीता ठाकुर उप मंत्री पद हेतु चुने गए। से दैनिक रूप से महाविद्यालय के पठन-पाठन के सम्बन्ध में जानकारी लेते रहें। विद्यार्थियों को किसी भी तरह की कोई भी समस्या होने पर उसका समाधान करने को तत्पर हैं। उन्होने कहा कि महाविद्यालय प्रदेश के माडल कॉलेज के रूप में विकसित किया जा रहा है। शिक्षक और अभिभावक मिलकर कार्य करते हुए इस महाविद्यालय को माडल कॉलेज के रूप तथा समस्याओं के बारे में जानकारी मिलती रहे। उन्होने छात्राओं के आवागमन के लिए महाविद्यालय स्तर पर परिवहन के साधन की व्यवस्था करने का भी आग्रह किया। परिषद के उपाध्यक्ष सुखघ्देव सिंह चंदी ने कहा कि इस मंच से हम मिलजुलकर महाविद्यालय और विद्यार्थियों की समस्याओं का बेहतर ढंग से समाधान कर सकते हैं। बैठक में महाविद्यालय के




इसके अतिरिक्त श्रीमती प्रवाचना, श्रीमती मनजीत कौर, विपिन गुप्ता, श्रीमती सिमरन कौर, श्रीमती दुर्गावती सिंह, श्रीमती सीमा मैथिल और मोहम्मद असगर कार्यकारिणी के सदस्य पद हेतु मनोनीत किए गए। प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार सैनी को अभिभावक शिक्षक परिषद की कार्यकारिणी का सचिव नियुक्त किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीसी पन्त ने कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों में सफल बनाने में सक्षम हो सकेंगे। प्राचार्य ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे नियमित रूप से अपने बच्चों निर्धारित ड्रेस में महाविद्यालय भेजें। कोई भी समस्या होने पर अभिभावक सीधे सम्बन्धित विषय के प्राध्यापक अथवा प्राचार्य से सम्पर्क करें। अध्यक्षीय सम्बोधन में अरविन्द सिंह परमार ने कहा कि परिषद की बैठक मासिक रूप से होनी चाहिए ताकि इसके माध्यम से महाविद्यालय की गतिविधियों प्राध्यापक प्रोफेसर पीएन तिवारी, प्रोफेसर पीसी सुयाल , प्रोफेसर हरीश चन्द्र, प्रोफेसर पूनम रौतेला, प्रोफेसर हेमलता सैनी, डॉ. अपर्णा सिंह, डॉ.आशीष गुप्ता, डॉ. वकार हसन खान, डॉ.राजेश कुमार , डॉ. अंचलेश कुमार, डॉ.रूमा शाह, डॉ. निर्मला जोशी, डॉ. इन्दुशेखर ममगाईं, डॉ. रंजीता जौहरी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. चन्द्रपाल, डॉ. राघवेंद्र मिश्रा, डॉ. राजेश कुमार सिंह तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

## राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघन के जन्म की लीला का किया मंचन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री रामलीला मैदान मे दिन की लीला के चौथे दिन दशरथ दरबार, श्री राम जन्म, ताड़का वध एवं सुबाहु वध की लीला का सुंदर मंचन व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री के द्वारा कराया गया तथा व्यास पूजन नरेंद्र रावत, प्रदीप जनौटी, जलज वार्ष्णेय द्वारा किया गया।महाराजा दशरथ के कोई संतान न होने पर गुरु वशिष्ठ जी द्वारा उनसे पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ करने के लिए कहते हैं।महाराज दशरथ द्वारा पूरे विधि विधान से गुरु वशिष्ठ जी के अनुसार यज्ञ कराया जाता है। यज्ञ के प्रताप से महाराजा दशरथ की तीनों रानी के चार पुत्रों का जन्म होता है। वशिष्ठ जी द्वारा उनका नामकरण संस्कार सम्पन्न कराया जाता है जिनके नाम राम, लक्ष्मण , भारत एवम शत्रुघ्न दिए जाते हैं। अयोध्या नगरी में खुशी का माहौल बन जाता है। महाराजा दशरथ द्वारा ब्राह्मणों एवम अयोध्या वासियों को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान एवम भेंट दी जाती है। देवतागण जै जैकार करते हैं। नगाड़े बज उठते हैं और आकाश से अंजली सजा कर देव पुष्प वर्षा करते हैं और गाते हैं।श्री राम जन्म की खुशी में किन्नरों द्वारा बधाई गाई जाती है। पूरी अयोध्या नगरी खुशियों से झूम उठती है। आज की लीला में अहिल्या उद्धार , धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद एवम श्री राम विवाह का मंचन किया जाएगा। साथ ही रात्रि लीला का आयोजन भी श्री वृजेश्वरी लीला मंडल वृंदावन की टीम द्वारा प्रारंभ हो जाएगा। रात्रि लीला में आज गणेश पूजन, नारद मोह तथा रावण, विभीषण तपस्या का मंचन किया जाएगा। इस दौरान रामलीला संचालन समिति के सदस्य एनबी गुणवंत, भोलानाथ केसरवानी, विनीत अग्रवाल, सुमित जायसवाल, अनुभव गोयल, अजय राजौर, अमित जोशी उपस्थित रहे। श्री राम जन्म पर समिति की रिसीवर श्रीमती ऋचा सिंह एवम समिति के सदस्यों द्वारा भगवान की आरती की गई। किन्नरों द्वारा बधाइयां गाई गई। रामलीला मैदान की व्यवस्था मे राजेंद्र बिष्ट बबली, रीतेश जोशी, नब्बू भाई , सुशील शर्मा, प्रिंस गुप्ता, संजय गोयल, बिंदेश जायस वाल, सुचित्रा जायसवाल, शालिनी, रोहित ठाकुर, महेंद्र बोरा, यश गुप्ता, कपिल अग्रहरी ने सेवा दी।





# रावण वेदवती संवाद एवं श्रवण कुमार मरण की लीला का मंचन





## द्वितीय दिवस मुख्य अतिथि जेबीजेएम इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के एमडी एवं समाजसेवी जगदीश सिंह बिष्ट ने किया श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ




रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर की प्राचीनतम बस अड्डे वाली रामलीला में द्वितीय दिवस मुख्य अतिथि जेबीजेएम इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के एमडी एवं नगर के प्रमुख रियल एस्टेट व्यवसायी, समाजसेवी जगदीश सिंह बिष्ट (पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब), उनकी धर्मपत्नी निशा बिष्ट, उनकी माताजी श्रीमती शांति बिष्ट, बेटी नव्या एवम सुपुत्र प्रत्युष विशिष्ट अतिथि उद्योगपति अशोक अग्रवाल, के एल ए राइस मिल, राकेश बंसल रॉकी, एवम उद्योगपति दिनेश कपूर ने प्रभु श्रीराम चन्द्र जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। श्री रामलीला कमेटी तथा श्री रामनाटक क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों नें श्री बिष्ट एवं उनके परिजनों का माल्यार्पण कर, रामनाम का पटका तथा शाल ओढ़ाकर



तथा श्री रामदरबार का प्रतीक चिन्ह भेंटकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि जगदीश बिष्ट एवं सभी गणमान्य नागरिकों का भी राम नाम का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि जगदीश बिष्ट ने कहा कि उन्होंने कहा कि कलयुग में श्री राम नाम की महिमा अपार है। इसके जाप मात्र से ही मनुष्य अपनी मुक्ति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। जो मनुष्य भौतिक सुख सुविधाओं में लीन होकर ईश्वर को भूल जाता है। उसे अंत में पछताना पड़ता है। यदि हम पर प्रभु की कृपा होती है तो हमें अपने परिवार के साथ समाज के प्रति अपने दायित्व को भी समझना चाहिए और उनका निर्वहन करना चाहिए। दूसरे दिन की लीला में वनों में विचरते हुए लंकापति रावण को एक सुंदर ऋषि कन्या वेदवती दिखाई पड़ती है वेदवती भगवान विष्णु की तपस्या में लीन होती है क्योंकि वह मन ही मन उन्हें अपना पति मान चुकी होती है। रावण वेदवती के सौंदर्य पर मोहित हो जाता है और वह विभिन्न प्रकार से वेदवती को प्रलोभन देते हुए कहता है कि यदि वह उसका निवेदन स्वीकार करके उसकी पत्नी बन जाए तो उसे वह उसे सोने की नगरी लंका की रानी बनाकर संसार के समस्त सुख देगा ऋषि कन्या वेदवती उन्हें मना कर देती है तथा स्पष्ट कर देती है कि वह भगवान विष्णु को ही अपने पति के रूप में अंगीकार करेंगे संसार का यश उसके लिए बिल्कुल बेकार है। रावण यह जान जाता है कि यह साक्षात लक्ष्मी का अवतार है इसलिए यदि यह पत्नी के रूप में मिली अथवा इसकी वजह से उसका संहार हो गया तो दोनों ही स्थिति में उसको मोक्ष की प्राप्ति अवश्य होगी इसलिए वह जानबूझकर वेदवती को प्रताड़ित करता है जिससे वेदवती बहुत आहत हो जाती है और रावण को श्राप देकर यज्ञ कुंड में कूद कर अपनी जान दे देती है। इधर अयोध्यापति राजा दशरथ के दरबार में श्रवण कुमार नामक युवा आता है और अपने माता-पिता के अंध होने का कारण पूछता है। महर्षि वशिष्ठ बताते हैं कि उनके माता-पिता पहले संतानहीन थे। उन्होंने अपनी संतान प्राप्ति के लिए अंधा होना स्वयं ही स्वीकार किया है, यह सुनकर श्रवण कुमार तड़प उठते हैं और महर्षि वशिष्ठ से अपने माता-पिता के अंधेपन के निवारण का कोई उपाय पूछते हैं। महर्षि वशिष्ठ उन्हें बताते हैं कि यदि वह काठ की एक कावड़ बनाए और उसमें अपने माता-पिता को ले जाकर समस्त तीर्थों के दर्शन करवा दे तो उनके माता-पिता का अंधत्व दूर हो सकता है। यह सुनकर श्रवण कुमार यह निर्णय लेता है कि वह कांवर बनाकर अपने माता-पिता को उसमें बिठाकर सभी तीर्थ के दर्शन अवश्य कराएगा। वह महर्षि वशिष्ठ व राजा दशरथ से आज्ञा लेकर तीर्थ को रवाना हो जाता है। श्रवण कुमार के जाने के बाद राजा दशरथ के दरबार में प्रजा आकर उन्हें बताती है कि वनों में बहुत से जंगली जानवरों का आतंक है और उनकी वजह से बहुत जान माल की हानि हो रही है। यह सुनकर राजा दशरथ अपनी सैनिक टुकड़ी के साथ वनों में जा पहुंचते हैं और जंगली जानवरों का शिकार करने लगते हैं। इधर श्रवण कुमार भी कांवर लेकर वनों तक पहुंच जाता है और अपने माता-पिता को प्यास लगने पर सरयू नदी से जल लेने आता है। दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से दशरथ उसकी पदचाप की आहट को जंगली जानवर का आगमन समझ लेते हैं, और शब्दभेदी तीर चला देते हैं। घातक तीर सीने में लगते ही श्रवण कुमार के प्राण परेखू उड़ जाते हैं। अंतिम सांसें लेते श्रवण कुमार राजा दशरथ से कहता है कि जाकर मेरे माता-पिता को जल पिला दो ,क्योंकि वह प्यासे हैं। राजा दशरथ जब जल लेकर श्रवण कुमार के वृद्ध माता-पिता के पास जाते हैं और उन्हें सारी घटनाक्रम के बारे में बताते हैं तो वृद्ध माता-पिता राजा दशरथ को यह श्राप देते हैं कि वह भी अपने पुत्र के वियोग में तड़प-तड़प कर मरेगा। चार-चार पुत्रों के होने के बावजूद आखिरी समय में उसके समीप कोई भी पुत्र नहीं होगा। यह श्राप देकर वृद्ध माता-पिता का स्वर्गवास हो जाता है। श्राप को अंगीकार करते हुए राजा दशरथ कहते हैं कि यह शायद ईश्वर की मर्जी है, क्योंकि उनका कोई पुत्र नहीं है अब कम से कम उनके चार पुत्र तो होंगे। इसका कारण यह था कि राजा दशरथ अभी तक निः संतान थे। इसके बाद राजा दशरथ को चार पुत्रों की प्राप्ति होती है। उधर राजा जनक को भी सीता के रूप में एक सुंदर कन्या की प्राप्ति होती है। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष सीए अमित गंभीर, समन्वयक नरेश शर्मा, उपाध्यक्ष विजय जग्गा, महावीर आजाद, रामनाटक क्लब के महामंत्री गौरव तनेजा, डायरेक्टर आशीष ग्रोवर आशू, विशाल भुड्डी, राकेश सुखीजा, परमपाल सुखीजा पम्मी, पूरन रावत, हरीश घई, रघुवीर अरोरा, जगदीश टंडन, अशोक गुम्बर, गौरव राज बेहड़, मोहन लाल गाबा, अमित अरोरा बोबी, राजकुमार छाबड़ा, हरीश अरोरा, मोहन लाल भुड्डी, रोहित राजपूत, मोहित, प्रेम खुराना, हरीश सुखीजा, संजीव आनन्द, अनिल तनेजा, राजकुमार कक्कड़, हरीश अरोरा, सचिन मुंजाल, विजय विरमानी, सौरभ राज बेहड़, मनोज गाबा, अमित चावला, चिराग कालड़ा, राजेंद्र ग्रोवर, नीलम अरोरा, जनक बांबा, शीतल गाबा, श्रेयसी, आयुष्मान सुशील गाबा, आदि उपस्थित थे। लीला में श्रवण कुमार का पात्र अभिनय पुलकित बांबा, दशरथ संजीव आनंद, रावण रमन अरोरा, वेदवती सुमित आनंद, राजा जनक अनिल तनेजा, श्रवण के माता पिता के रूप में मनोज मुंजाल एवम नरेश छाबड़ा, सुमंत सचिन आनन्द नें निभाया। मंच संचालन मंच सचिव संदीप धीर, विजय जग्गा एवं सुशील गाबा नें संयुक्त रूप से किया।

## सीता स्वयंवर एवं परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन

गदरपुर (उद संवाददाता)। अनाज मंडी में श्री राम जी की लीला का मंचन वंदना कर श्री राम जी की लीला को दर्शाने का आशीष प्राप्त किया।



बड़े ही धूम धाम से किया जा रहा है। कलाकारों द्वारा प्रार्थना एवं श्री गणेश तत्पश्चात ताड़का वध, मारीच सुबाहु वध, सीता स्वयंवर एवं परशुराम लक्ष्मण संवाद जैसे दृश्यों का बहुत ही सुंदर मंचन किया गया। हजारों की संख्या में पधारे दर्शकों ने श्री राम और सीता जी से आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी कलाकारों का तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर श्री रामलीला अनाज मंडी के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज, महामंत्री अशोक धीर, कोषाध्यक्ष कृष्ण अनेजा ने सभी को श्री राम और सीता जी के विवाह की बधाई दी। एवं पुष्प वर्षा कर मिष्ठान वितरण किया। श्री राम नाट्य कला परिषद के सभी पदाधिकारी एवं कलाकार, श्री रामलीला अनाज मंडी की समस्त कमेटी एवं हजारों की तादात में पधारे श्रद्धालु इस शुभ अवसर के साक्षी बने।

## बसंती मन्दिर के पास सौन्दर्यीकरण कार्य का किया शिलान्यास

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने वार्ड नं 11 संजयनगर खेड़ा में विधायकनिधि से स्वीकृत बसन्ती मन्दिर के पास सौन्दर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा बसन्ती मन्दिर के समीप सौन्दर्यकरण कार्य काफी समय से हो नही पा रहा था,वही उस क्षेत्र में निर्माण कार्य की आवश्यकता को देखते हुए शिलान्यास कर दिया गया है जल्द ही निर्माण कार्य आरंभ हो जायेगा। इस दौरान संजयनगर खेड़ा में स्थानीय लोगो द्वारा विधायक शिव अरोरा का जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा विकास कार्यो में कोई कमी नही आने दी जायेगी। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, भाजपा नेता किरन विर्क, नगर मंत्री रोबिन विश्वास, शिवकुमार शिब्बू, सिद्धार्थ , चंदन ढाली, प्रभास बुद्धा विश्वास,, शुबन्दों मण्डल,नन्दू मण्डल,तपन सरकार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# श्री राम तोड़ा धनुष, परशुराम को आया क्रोध





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित प्रभु श्री राम जी की लीला के मंचन के चतुर्थ दिन शुभारंभ उद्योगपति हरीश मुंजाल, रियल स्टेट एसोसिएशन के अध्यक्ष बलजीत सिंह गाबा ,एलायंस वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष राजकुमार मुंजाल एवं रियल स्टेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सोनू गगनेगा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया, सभी अतिथियों का श्री शिव नाटक क्लब द्वारा पटका ओढ़ाकर एवं बैच लगाकर सम्मानित किया गया, उनके साथ एलायंस सोसायटी से अनिल नागपाल भी उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने प्रभु श्री राम जी के जयघोष करके सभी को राममय बना दिया एवं उन्होंने सभी धर्मप्रेमी जनता से रामलीला मंचन से देखने की अपील की क्योंकि इससे हमारी आने वाली पीढ़ी में संस्कारों का विकास होता है।रामलीला के मंचन में सीता स्वयंवर, प्रतिज्ञा का ऐलान रावण वाणासुर संवाद, श्री राम जी द्वारा धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाना एवं परशुराम लक्ष्मण संवाद तक की लीला का मंचन किया गया जिसमे जनक की भूमिका सन्नी घई,सीता नैतिक तनेजा, रावण जीतू गुलाटी, वानासुर गर्व गुलाटी,राम गौरव अरोरा, लक्ष्मण रवि कक्कड़,विश्वामित्र वंश वर्मा, परशुराम अवतार सिंह खुराना, राजा पुष्कर नागपाल,कृष गावड़ी, लवीश ,उज्ज्वल, आदित्य कुमार ने निभाई। मंच संचालन जोली कक्कड़ ने किया। मनीष अग्रवाल द्वारा सभी राम भक्तों को चावल का प्रशाद वितरित किया गया। इस अवसर पर श्री शिव नाटक के सरपरस्त स मंगत सिंह खुराना, राजकुमार परुथी,सूरज प्रकाश सुखीजा , संजय ठुकराल, नरेश शर्मा, रमेश गुलाटी, अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महासचिव राजकुमार भुसरी, कोषाध्यक्ष बबलू घई, उपाध्यक्ष बिट्टू अरोरा, अवतार सिंह खुराना, सचिव भारत हुड़िया, विजय परुथी, प्रचार मंत्री जगमोहन अरोरा, अक्षित छाबड़ा, अमर परुथी, विशांत भसीन, राजीव भसीन, अरुण अरोरा, राजदीप बठला, बंटी मुंजाल, मनोज बाठला, राहुल अरोरा,प्रवीण बत्रा, प्रवीण ठुकराल, मनीष अग्रवाल ,राजीव झाम, गौरव गांधी, सन्नी कक्कड़, अनमोल घई, चेतन खनिजो, विशाल गुंबर, राकेश तनेजा,अनमोल अरोरा,अरुण अरोरा आदि उपस्थित थे।











# रम्पुरा में ठुकराल ने किया रामलीला का उदघाटन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भूत बंगला वार्ड नंबर 20 स्थित श्री हनुमान देवी जागरण मंडल द्वारा आयोजित भव्य मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की लीला का शुभारंभ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलित कर व फीता काटकर किया। इस दौरान मर्यादा प्रभु श्री राम लीला का मंचन करने आए वृंदावन मथुरा की प्रसिद्ध रासपार्टी राधा कृषक बिहारी लाल संस्थान द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने जन मानस को संबोधित करते हुए कहा कि श्री राम लीलामंचन भारतीय संस्कृति एवं जीवन दर्शन का अभिन्न हिस्सा है स उन्होंने कहा कि रामायण का हर पात्र जीवन के मूल्यों का प्रत्यक्ष प्रमाण है और भारत की लाखों वर्षों पुरानी संस्कृति की प्रस्तुति है हमें लीला के माध्यम से प्रभु राम के आदर्शों एवं जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है स प्रभु राम से जुड़ा हर पात्र एक आदर्श जीवन मूल्यों को अपने अंतर्मन स्थापित करने की शिक्षा देता है। इस दौरान सुंदर लीला के मंचन से भक्तजन मंत्रमुग्ध नजर आए। जय श्री राम के उद्घोघोष से माहौल भक्तिमय नजर



आया। इस दौरान रामलीला प्रबंधक कमेटी ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित सभी अतिथियों का अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया । पूर्व विधायक ठुकराल ने रामलीला कमेटी को हर सम्भव सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाज सेवी जसविन्दर सिंह खरबन्दा, अति विशिष्ट अतिथि जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष दिवाकर पांडे एवं विशिष्ट अतिथि संजय ठुकराल, समाजसेवी अंकित चन्द्रा ,समाजसेवी गगन ग्रोवर व युवा समाजसेवी बंटी कोली को भी मंच पर सम्मानित किया गया। इस दौरान संरक्षक नत्थू लाल गुप्ता, अध्यक्ष रघुवर दयाल गुप्ता ,उपाध्यक्ष जगदीश श्रीवास्तव, महामंत्री गिरीश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष विनोद मिश्रा एवं कार्यकारिणी सदस्य विनोद वर्मा, विजय गुप्ता, रवि गुप्ता ,राजेश गुप्ता बंटी, विपिन शर्मा बिट्टू ,रामकिशोर रस्तोगी, अजय श्रीवास्तव, संतोष दिवाकर ,देवेंद्र मिश्रा, धर्मदास पाल, रतनलाल पाल, अजय गुप्ता ,राहुल मिश्रा ,रवि भारती, अंकित चंद्र, आनंद सिंह नेगी ,मुकेश श्रीवास्तव ,राजेश हालदार, आर पी सिंह, हरपाल सिंह ,राजकुमार शर्मा, डालचंद राणा डल्लू ,डॉक्टर ओ पी आर्या ,दीपक कुमार गुप्ता ,निखिल गुप्ता ,विमल सरकार, विष्णु दत्त, कमल सैनी, संजय सिंह ,रूप किशोर अग्रवाल ,प्रवेश कोली ,सतीश शर्मा ,विनय कुमार शर्मा, राजेंद्र चंद्र ,नंदकिशोर गुप्ता ,तुलसी गुप्ता, निशु भटनागर ,श्याम पाल ,जितेंद्र पाल आदि लोग उपस्थित थे।

# विधायक शिव अरोरा ने ग्राम दानपुर में किया जनसम्पर्क

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने ग्राम दानपुर क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर स्थानीय लोगों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।दानपुर पहुंचने पर ग्राम प्रधान पति मन्दीप वर्मा के नेतृत्व में लोगो द्वारा फूलमालाओं के साथ विधायक शिव अरोरा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विधायक शिव अरोरा ने ग्राम दानपुर की मुलाभूत समस्याओं को सुना व उनके निराकरण हेतु अधिकारियों से वार्ता की, वही विधायक ने दानपुर भ्रमण के दौरान वहाँ गतिमान विकास कार्यो का भी मौका मुआयना किया और साथ ही क्षेत्र की



जरूरत अनुसार आने वाले समय मे लंबित पड़े कार्यो को भी करने हेतु आश्वस्त किया। इस दौरान ग्राम प्रधान पति मन्दीप वर्मा, मण्डल अध्यक्ष हरीश भट्ट, राजकुमार चौधरी, बीडीसी गुरबाज सिंह, माधव सिंह टम्टा, वशिष्ठ कुमार, जितेंद्र वर्मा, गौरव भंडारी, चंद्रिका प्रसाद यादव, हरजीत कंबोज, राजन कनवाल, प्रताप सिंह रौतेला, राजेंद्र सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश यादव, विजय बहादुर भंडारी, रघुवीर सिंह बिष्ट, शिव प्रकाश वर्मा, सुनील वर्मा, हरीश पंत, दिनेश जोशी,अमित छाबरा,करन अधिकारी,मोहन सिंह बिष्ट व अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिला खिलाड़ी नीलिमा व निर्मला का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चौथे पैरा एशियाई खेलों में 309 सदस्यीय भारतीय दल प्रतिभाग करने जा रहा है। जिसमे उत्तराखंड के दो खिलाड़ी नीलिमा राय एवम निर्मला मेहता का चयन पैरा एशियन गेमों के लिए हुआ। डिसेबल स्पोटिंग सोसाइटी द्वारा दोनो ही खिलाड़ियो का सम्मान किया गया तथा एशियन गेमों के लिए शुभकामनाएं देकर एशियन गेमों के लिए रवाना किया। दोनो खिलाड़ी हांगझोऊ चाइना में आगामी 22 से 28 अक्टूबर को होने वाले पैरा एशियन गेमों में पैरा लॉन बाउल्स गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे है। डिसेबल स्पोटिंग सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने बताया कि बड़े हर्ष का विषय है जिला उधम सिंह नगर के दोनो महिला खिलाड़ी भारतीय पैरा लॉन बाउल्स खेल में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे है तथा आशा व्यक्त की दोनो खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेंगे। श्री चुघ ने प्रदेश की खेल मंत्री श्रीमति रेखा आर्य एवम् प्रदेश के



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विशेष रूप से धन्यवाद व्यक्त किया। उक्त अवसर पर दोनो खिलाड़ियों का रुद्रपुर सिटी क्लब में सम्मान समारोह अयोजित कर इनको आर्थिक रूप से सहायता भी प्रदान की गई। समारोह के अवसर पर कुमाऊं विश्व विद्यालय नैनीताल के क्रीड़ाधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा, जेबी सिंह, संरक्षक सीए अशोक सिंघल , मनीष अग्रवाल, पंडित मुकेश वशिष्ठ, प्रदीप बंसल, हरविंदर सिंह (हरजी), योगेश पांडेय, राज कोली एवम् सोसायटी के अन्य सदस्य मजूंद रहे।

# रामलीला में मनाया गया श्री राम जन्मोत्सव

खटीमा (उद संवाददाता)। सनातन श्री रामलीला पार्टी परिचित द्वारा खटीमा रामलीला ग्राउंड में आयोजित रामलीला मंचन के दूसरे दिन, भगवान श्री राम जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। अयोध्या में राजा दशरथ द्वारा उनके जन्म दिवस के शुभ अवसर पर अपनी अयोध्या दरबार में धूमधाम से उनका जन्म दिवस मनाया गया। रामलीला मंचन की शुभारंभ गणेश पूजा के साथ रामलीला मंचन का शुभारंभ हुआ। डीपी श्रीवास्तव ने रामलीला मंचन में भगवान गणेश का रूप धारण किया। माता सीता, अहिल्य संवाद एवं ताड़का वध की लीला को देखकर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। दूसरे दिन सैकड़ों लोगों ने रामलीला मंचन स्थल पर पहुंचकर, भगवान राम जी की लीला का आनंद लिया। लगातार 11 दिन तक



चलने वाली रामलीला में हजारों की संख्या में लोग रामलीला का आनंद उठाते हैं, रामलीला मंचन का उद्बोधन पूर्व अध्यक्ष विजय गुप्ता ने किया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के आमंत्रित सदस्य मनोज वाधवा, सचिन रस्तोगी, पप्पू सक्सेना, विशाल अग्रवाल, संजय बत्रा, मनोज श्रीवास्तव, संतोष अग्रवाल, अध्यक्ष इंद्रेश कुमार,राजू श्रीवास्तव उपस्थित रहे। मुख्य रूप से मुकेश कुमार मौर्य, वीरेंद्र रावत ,रविंद्र श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, चिरंजीवी बत्रा, सतपाल बत्रा, भगवान दास गुप्ता, प्रमोद सक्सेना, मनोज कुमार, विनोद भारती, जतिन बत्रा, प्रदीप गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### सामाजिक समूहों की पहचान

बिहार में जाति जनगणना के आंकड़े आने के बाद अब यह एक तरह से राष्ट्रीय चुनावी राजनीति का एक अहम औजार मान लिया गया है और खासतौर पर विपक्षी गठबंधन इसे अपने हक में कारगर मुद्दे के तौर पर देख रहा है। इसी को देखते हुए कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने इस पर अपने रुख से यह लगभग साफ कर दिया है कि 2024 के आम चुनाव में जाति का सवाल उनकी पार्टी और गठबंधन के लिए सबसे प्रमुख मुद्दा होने जा रहा है।राहुल ने जाति जनगणना को देश का 'एक्स-रे' करार दिया और कहा कि यह अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की दशा को उजागर करेगा, जो 'घायल' है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी केंद्र सरकार को यह कवायद कराने के लिए मजबूर करेगी। अपनी नई राजनीति में राहुल गांधी ने जाति जनगणना को प्रमुख मुद्दा बनाते हुए यह साफ कर दिया है कि वे वंचित सामाजिक तबकों को उनका अधिकार दिलाने पर जोर देंगे। लेकिन सवाल है कि इस मसले को राजनीति का मुख्य केंद्र बनाने के नतीजे में देश और समाज में कौन-सी नई परिस्थितियां पैदा होंगी और उसमें वास्तविक न्याय कितना सुनिश्चित हो सकेगा! सही है कि जाति भारतीय समाज की एक हकीकत रही है और समूचे सत्ता संरचना और तंत्र के स्तर पर एक बड़े सामाजिक समूहों की पर्याप्त भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो सकी। इसके लिए स्वतंत्रता के बाद से सत्ता संभालने वाली अमूमन सभी सरकारों की अपनाई गई वे नीतियां जिम्मेदार रही हैं, जिनमें घोषणाएं तो समूची जनता का हित तय करने के लिए की गई, लेकिन व्यवहार में समाज का ज्यादातर हिस्सा जनकल्याण की योजनाओं के वास्तविक लाभों के दायरे से बाहर ही रहा। तो अब अगर राहुल गांधी और उनकी पार्टी जाति को केंद्र में रख कर राजनीति की दिशा तय करना का संकेत दे रहे हैं तो क्या यह अतीत में उनकी पार्टी की ओर से हुई 'चूक' की स्वीकारोक्ति भी है? जाति आधारित जनगणना का मकसद अगर हर स्तर पर वंचित रह गए सामाजिक समूहों की पहचान और इसके कारणों की पड़ताल कर एक समावेशी व्यवस्था तैयार करने के रूप में अमल में आता है, तो इससे किसी को असहमति नहीं होगी। कोई भी इंसाफ-पसंद व्यक्ति और समूह यही चाहेगा। लेकिन अगर इसे राजनीति का औजार बनाया जाता है तो इसका हासिल शायद सामाजिक विभाजनों के और तीखा होने के रूप में सामने आए। इक्कीसवीं सदी का सफर तय करते देश में यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब शायद सभी जाति-वर्गों के तमाम संवेदनशील लोगों की यह सदिच्छा होगी कि जाति की दीवारें टूटें और यह व्यवस्था खत्म हो। शहरों-महानगरों में एक ऐसी पीढ़ी तैयार हो रही है, जो निजी जीवन और भविष्य के मामले में खुद से संबंधित किसी फैसले के संदर्भ में जाति-व्यवस्था के पारंपरिक पैमाने को मानने के लिए तैयार नहीं है और न ही उस पर ध्यान देती है।जरूरत इस नई हवा को और साफ करने की है, जिसमें जाति की जड़ता से जुड़े पूर्वाग्रहों-दुराग्रहों की कोई जगह न हो और सभी न्याय आधारित भागीदारी का स्वागत करें। इसमें देश के सभी राजनीतिक दलों की मुख्य जिम्मेदारी बनती है। लेकिन अफसोस की बात यह है कि सभी पार्टियां किसी न किसी बहाने जाति को आधार बना कर अपनी राजनीतिक जमीन पुख्ता करना चाहती हैं। वंचित सामाजिक तबकों के लिए न्याय और भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयासों से कोई इनकार नहीं कर सकता। लेकिन इसके लिए जाति जनगणना या इसके आंकड़े को अगर जातिगत विभाजन को और मजबूत करने का हथियार बनाया जाता है तो आने वाले वक्त में कैसी तस्वीर तैयार होगी, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है।

# सृष्टि की ऊर्जा है देवी दुर्गा

भारत में देवी की पूजा वैदिक युग में ही आरंभ हो गई थी। ऋग्वेद के देवी सूक्तम में सभी देवताओं की आंतरिक शक्ति की बात कही गई है, जो ऊर्जा की प्रतीक है। हरिवंश पुराण में कालरात्रि, निद्रा और योगमाया के समन्वित रूपों के बारे में बताया है कि जब भगवान विष्णु नींद में होते हैं, तब देवी दुर्गा ही विश्व की सुरक्षा करती हैं। इसीलिए, देवी कालरात्रि की काया का रंग घने अंधकार



की तरह काला है और सिर के बाल बिखरे हुए है। गले में बिजली की तरह चमकने वाली माला डली है। इनकी तीन आंखें हैं। तीनों नेत्र ब्रह्मांड के सामान अंडाकार हैं। इन चक्षुओं से तीव्र विद्युत की किरणें निरंतर प्रवाहित होती रहती है। जो अक्षय ऊर्जा की द्योतक हैं। यही ऊर्जा सृष्टि में फैली हुई है। इसी ऊर्जा में भगवान शिव का अर्धनारीश्वर रूप दृष्टिगोचर होता रहता है। इस रूप के स्त्री रूप से शरीर विज्ञान सम्मत मानव संरचना में एक्स तत्व से है और पुरुष रूप में वाय तत्व से है। अर्थात यह रूप स्त्री-पुरुष में समानता जताता है। भारतीय वांग्मय में काम-ऊर्जा को सबसे शक्तिशाली ऊर्जा माना गया। इसीलिए पुरुष में जब वाय गुणसूत्र की अधिकता होती है तो पुरुष और स्त्रीयोचित गुण एक्स की अधिकता होती है तो स्त्री का जन्म होता है। दैवीय शक्तियां वे हैं, जो मनुष्य के अनुकूल हैं, अर्थात फलदायी हैं और आसुरी शक्तियां वे हैं, जो मनुष्य के प्रतिकूल हैं, अर्थात उसे हानि पहुंचाने में समर्थ हैं। नवरात्रों का आयोजन दो ऋतुओं की परिवर्तन की जिस वेला में होता है, वह इस बात का द्योतक है कि जीवन में बदलाव की स्वीकार्यता अनिवार्य है। नवरात्रों का आयोजन अश्विन मास के शुक्ल पक्ष में किया जाता है। शुक्ल पक्ष घटते अंधकार या अज्ञान का प्रतीक है, वहीं कृष्ण पक्ष बढ़ते अंधकार और अज्ञान का प्रतीक है। प्रति माह उत्सर्जित और विलोपित होने वाले यही दोनों पक्ष जीवन के सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष की प्रवृत्तियां हैं। प्रकृति से लेकर जीवन में हर जगह अंतर्विरोध व्याप्त है। इन्हीं विरोधाभासी पक्षों में सामंजस्य बिठाने का काम दुर्गा के बहुआयामी रूप करते हैं। मार्कंडेय पुराण में प्रकाश और ऊर्जा के बारे में कहा गया है कि 'देवों ने एक प्रकाश पुंज देखा, जो एक विशाल पर्वत के समान प्रदीप्त था। उसकी लपटों से समूचा आकाश भर गया था। फिर यह प्रकाश पुंज एक पिंड में बदलता चला गया, जो एक शरीर के रूप में अस्तित्व में आया। फिर वह कालांतर में एक स्त्री के शरीर के रूप में आश्चर्यजनक ढंग से परिवर्तित हो गया। इससे प्रस्फुटित हो रही किरणों ने तीनों लोकों को आलोकित कर दिया। प्रकाश और ऊर्जा का यही समन्वित रूप आदि शक्ति या आदि मां कहलाई। छान्दोग्य उपनिषद में कहा गया है कि 'अव्यक्त से उत्पन्न तीन तत्वों अग्नि, जल और पृथ्वी के तीन रंग सारी वस्तुओं में अंतर्निहित हैं। अतः यही सृष्टि और जीवन के मूल तत्व हैं। अतएव प्रकृति की यही ऊर्जा जीवन के जन्म और उसकी गति का मुख्य आधार है।' इस अवधारणा से जो देवी प्रकट होती है, वही देवी महिषासुर मर्दिनी है। इसे ही पुराणों में ब्रह्माण्ड की मां कहा गया है। इसके भीतर सौंदर्य और भव्यता, प्रज्ञा और शौर्य, मृदुलता और शांति विद्यमान हैं। चरित्र के इन्हीं उदात्त तत्वों से फूटती ऊर्जा इस देवी के चेहरे को प्रगल्भ बनाए रखने का काम करती है। ऋषियों ने इसे ही स्त्री की नैसर्गिक आदि शक्ति माना है और फिर इसी का दुर्गा के नाना रूपों में मानवीकरण किया है। उपनिशदों में इन्हीं विविध रूपों को महामाया, योगमाया और योग निद्रा के नामों से चित्रित व रेखांकित किया गया। इनमें भी महामाया को ईश्वर या प्रकृति की सर्वोच्च सत्ता मानकर विद्या एवं अविधा में विभाजित किया गया है। विद्या व्यक्ति में आनंद का अनुभव कराती हैं, जबकि अविद्या सांसरिक इच्छाओं और मोह के जंजाल में जकड़ती है। विद्या को ही योगमाया या योगनिद्रा के नामों से जाना जाता है। योगमाया सृष्टि की वैश्विक व्यवस्था का प्रतीक है, जबकि योगनिद्रा सृष्टा की समाधि की अवस्था में आई निद्रा है। यह स्थिति चेतन अवस्था से अंधकार के क्षेत्र में प्रवेश को दर्शाती है, जो प्रलय की भी द्योतक है। अंततः यही आदि शक्तियां क्षीर सागर में शेषशय्या पर लेटे भगवान नारायण, नारायण यानी जल में निवास करने वाले विष्णु को चेताती हैं कि समाधि के शून्य-भाव से जागो और अंधकारमयी विरोधी ताकतों से ब्रह्माण्ड को मुक्त कराओ। देवी की प्रकृति रूपी यही अवस्थाएं सत्व, रज और तम गुणों में रूपांतरित होकर सृष्टि को संतुलित बनाए रखने का काम करती हैं। इसीलिए देवी को आद्य या असाधारण शक्ति कहा गया है। विश्व की इस जननी के बिना शिव भी 'शव मात्र हैं'। जब ब्रह्मांड में ऊर्जा का विघटन होता है तो आसुरी शक्तियां जागृत हो जाती हैं। ऊर्जा जब अव्यवस्थित हो जाती है, तब ध्वंसात्मक स्थितियों का निर्माण होता है। आज विध्वंसकारी वैज्ञानिक प्रयोगों के चलते दुनियाभर में ऊर्जा का ध्वंसात्मक रूप दिखाई दे रहा है। अराजक बनता यही परिवेश नकारात्मक यानी आसुरी ऊर्जा को बढ़ाता है। इस ऊर्जा को अक्षुण्ण बनाए रखने का काम ब्रह्मा, विष्णु, महेश करते हैं। देवी महात्म्य में कहा भी गया है कि देव और असुरों के बीच जब महायुद्ध हुआ तो वह सौ दिन तक चला। इस समय राक्षस महिश असुरों का राजा था और इंद्र देवताओं के अधिपति थे। इस संघर्ष में असुरों ने देवताओं का परास्त कर दिया। फलतः महिश देवों का भी सम्राट बन बैठा। पराजित देवता प्रजापति ब्रह्मा के नेतृत्व में विष्णु व शिव के पास गए। उन्होंने युद्ध और फिर पराजय का दुखद वृत्तांत विष्णु व शिव को सुनाया। इसे सुनकर दोनों आक्रोश से लाल हो गए। विष्णु ने मुख खोला और उससे तीव्र गति से अक्षय ऊर्जा बाहर आई। ऐसा ही रोष ब्रह्मा और शिव ने ऊर्जा के रूप में मुख से प्रकट किया। इंद्र के शरीर से भी ऊर्जा का प्रस्फुटन हुआ। अन्य देवों ने भी अपने-अपने मुखों से ऊर्जा छोड़ी। ऊर्जा के इस प्रवाह से नकारात्मक ऊर्जा सकारात्मक ऊर्जा में परिवर्तित होने लग गई। मुखों से उत्सर्जित इन ऊर्जा रूपी लपटों ने एक पर्वत का आकार ग्रहण कर लिया। इसी पर्वत से कात्यायनी प्रकट हुईं। दुर्गा का यही रूप महिषासुर मर्दिनी कहलाया। लीला भाव में यही दुर्गा चार पैरों के राजा सिंह की पीठ से टिककर खड़ी हैं। सिंह भी क्रूर शक्ति का प्रतीक है, लेकिन उसे वश में कर लिया गया है। देवी अराजक महिष के शरीर को रौंद रही हैं। उनका एक पैर असुर के सिर पर है। महिष शक्तिशाली तो है, लेकिन उसका आचरण क्रूर है, इसलिए वह ब्रह्माण्ड के आध्यात्मिक आधार के अनुकूल नहीं है। यही कारण है कि कात्यायनी महेश को पददलित कर उसके अहंकार को चूर कर देती हैं। महिश के प्राण हरने के बाद कात्यायनी महिषासुर-मर्दिनी कहलाती हैं। इसीलिए इन्हें ब्रह्माण्ड की जननी कहा गया, जो पृथ्वी का प्रतीक है। ब्रह्माण्ड के अस्तित्व का यही बीज है। प्रकृति के इन्हीं रूपों का मानवीकरण करते हुए ऋग्वेद में कहा है कि 'ज्ञान के सभी विषय और क्रियाकलाप अंततः देवी के रूप हैं।' सृष्टि सृजन के आरंभ से लेकर अब तक नारियां मां का रूप हैं। नारी के मातृत्व की डिंब में स्थित इस ऊर्जा को प्रजापति ब्रह्मा ने स्वयं विभाजित करके मानव के अस्तित्व को सृजित किया था। वह नारी ही है, जो अपनी ऊर्जा से मनुष्य को मनुष्यत्व प्रदान करती है। साफ है, भगवती दुर्गा मूल प्रकृति का वह रूप हैं, जिसमें समस्त शक्तियां समाहित हैं।

**प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार**

# एसओजी ने 38 घरेलू गैस सिलेंडर किये जब्त

गदरपुर (उद संवाददाता)। लगातार घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की शिकायते मिलने पर एसओजी प्रभारी विजेंद्र शाह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिस में उप निरीक्षक मनोज सिंह धोनी ने अपने सहयोगियों के साथ रामजीवनपुर नंबर 3 के एक घर में छापा मारकर 38 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त करने के अलावा एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। बताते चले की गदरपुर थाना क्षेत्र में काफी लंबे समय से घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की शिकायतें मिल रही थी सूचना पर पहुंची एसओजी टीम ने रामजीवनपुर नंबर 3 में एक घर से छापा मार कर अवैध रूप से कालाबाजारी के लिए लाए गए 38 गैस सिलेंडर सहित एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। छापे की सूचना पर पूर्ति निरीक्षक हरीश चंद्र भी मौके पर पहुंच गए। एसओजी द्वारा पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम संजय निवासी राम जीवनपुर नंबर 3 बताया। उसने बताया कि यह सिलेंडर वह कुशवाड़ा स्वार जिला रामपुर से अवैध रूप से लाकर निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बेचता है। एसओजी ने युवक को



गिरफ्तार कर थाना गदरपुर में ले आई जिस पर थाना गदरपुर पुलिस द्वारा कालाबाजारी अधिनियम की धारा 3/7 में मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया। वहीं पकड़े गए गैस सिलेंडरों को पूर्ति निरीक्षक द्वारा गदरपुर इंडियन गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में सुरक्षा की दृष्टि से जमा कर दिया गया। एसओजी टीम में उप निरीक्षक मनोज सिंह धोनी, कांस्टेबल गणेश पांडे, राजेंद्र कश्यप, भुवन पांडे, ललित कुमार आदि शामिल थे।।

# शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण माँ दुर्गा का यह स्वरूप 'शैलपुत्री' कहलाया

अश्विन शुक्ल प्रतिपदा के दिन कलश स्थापना के साथ ही माँ दुर्गा की पूजा शुरू हो चुकी है। पहले दिन माँ दुर्गा के नवरूप के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा होती है। शैल का अर्थ शिखर होता है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण माँ दुर्गा का यह स्वरूप 'शैलपुत्री' कहलाया। ये ही नवदुर्गाओं में प्रथम हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार मां शैलपुत्री अपने पूर्वजन्म में दक्ष-प्रजापति की पुत्री सती थीं, जिनका विवाह भगवान शिव से हुआ था। शास्त्रों के अनुसार माता शैलपुत्री का स्वरुप अति दिव्य है। मां के दाहिने हाथ में भगवान शिव द्वारा दिया गया त्रिशूल है जबकि मां के बाएं हाथ में भगवान विष्णु द्वारा प्रदत्त कमल का फूल सुशोभित है। मां शैलपुत्री बैल पर सवारी करती हैं बैल अर्थात वृषभ पर सवार होने के कारण देवी शैलपुत्री को वृषारूढ़ा



के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं का रक्षक माना जाता है। माँ शैलपुत्री की अराधना करने से आकस्मिक आपदाओं से मुक्ति मिलती है तथा मां की प्रतिमा स्थापित होने के बाद उस स्थान पर आपदा, रोग, व्याधि, संक्रमण का खतरा नहीं होता तथा जीव निश्चिंत होकर उस स्थान पर अपना जीवन व्यतीत कर सकते हैं। शैलपुत्री के रूप की उपासना करते समय निम्न मंत्र का उच्चारण करने से मां जल्दी प्रसन्न होती हैं, तथा वांछित फल प्रदान करने में सहायता करती हैं- मंत्र:-वन्देवांछितलाभायचंद्रार्द्धकृतशेखराम। वृषारूढ़ा शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम।।शैलपुत्री के पूजन करने से 'मूलाधार चक्र' जाग्रत होता है। जिससे अनेक प्रकार की उपलब्धियां प्राप्त होती हैं। इस दिन उपासना में योगी अपने मन को मूलाधार चक्र में स्थित करते हैं। यहीं से उनकी योगसाधना का आरम्भ होता है। माँ शैलपुत्री को सफेद चीजों का भोग लगाया जाता है और अगर यह गाय के घी में बनी हों तो व्यक्ति को रोगों से मुक्ति मिलती है और हर तरह की बीमारी दूर होती है। माँ शैलपुत्री का प्रिय रंग लाल है।

**-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# विद्युत चोरी के खिलाफ चलाया अभियान

किच्छा (उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना एवं किच्छा कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में विद्युत विभाग की टीम ने विद्युत चोरी रोकने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने कई लोगों को विद्युत चोरी करते मौके पर पकड़ लिया। विभागीय टीम ने भारी मात्रा में विद्युत चोरी के लिए उपयोग में लाई गई केबिल को बरामद कर कब्जे में ले लिया। विभागीय अधिकारियों की शिकायत पर पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार विद्युत उप संस्थान किच्छा के अवर अभियंता ओम कुमार एवं उपखंड अधिकारी दिनेश चंद्र गुरुरानी के नेतृत्व में विभागीय टीम ने कोतवाली एवं थाना अंतर्गत क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। पुलभट्टा अंतर्गत क्षेत्र में विधुत टीम ने वार्ड नंबर 7, सिरौली कला, पुलभट्टा निवासीगण मोहम्मद रफीक पुत्र नाथू अली, रामविलास एवं मोहम्मद जलील पुत्र जमील अहमद के प्रतिष्ठान एवं निवास पर चेकिंग करते हुए विद्युत चोरी का मामला पकड़ लिया। इधर विद्युत विभाग की टीम ने ग्राम लालपुर निवासी अमित कुमार पुत्र किशन लाल, महाराजपुर रोड लालपुर निवासी प्रवीण कुमार उर्फ लक्खा पुत्र मुंशी राम की विद्युत चेकिंग के दौरान अवैध रूप से लगाई गई विद्युत तार को कब्जे में ले लिया। विद्युत विभाग के अधिकारियों की शिकायत पर पुलभट्टा थाना एवं किच्छा कोतवाली पुलिस की टीम ने विद्युत चोरी के आरोप में पांच उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए जांच शुरू कर दी है। कार्यवाही के दौरान विद्युत विभाग की टीम में लाइन मैन इजहार अहमद, लाइनमैन राम जीवन लाल, अवर अभियंता ओम कुमार, लाइनमैन सुंदर राम, अवर अभियंता भुवन चंद उप्रेती आदि मौजूद रहे।

# संस्कार व संस्कृति का संदेश देती रामलीलाएं

पौराणिक महाकाव्यो मे रामायण का महत्वपूर्ण स्थान है प्रभुश्रीराम जी का जीवन चरित्र भारतीय,संस्कृति का महत्वपूर्ण आधार है। प्रभु श्रीराम अपने मातापिता के आज्ञापालक, एकपत्नी व्रत श्रेष्ठ राज शासक व,विभीषण, सुग्रीव, निषादराज गुह, मल्लाह केवट, भक्तिमाति शबरी जैसे समाज से तटस्थ प्राणियो की हार्दिक भावनाओ का ध्यान रखते हुए आदर के साथ रामजी उन्हे अपनाया और अनुपम पद प्रदान किया। प्राचीन समय से ही देश, विदेश मे रामलीलाओ का मंचन होता रहा है। वाल्मीकि रामायण व तुलसीकृत रामायण इसका प्रमुख आधार था। वर्तमान समय मे राधेश्यामकृत, यशवंतसिंह, विश्वेश्वरदयाल कृत रामायणो के माध्यम से रामलीलाओ का मंचन होता है लेखक का मानना है कि एक कलाकार अपनी आत्मा को कला के माध्यम से एक नयी आत्मा को जन्म देता है। वह अपने आंतरिक व्यवहार को छोड़कर एक नये चरित्र के व्यवहार को अपनाता है। एक जीवन मे दुसरे जीवन को छलकाना ही अभिनय है। कलाकार आंगिक, वाचिक, आहार्य, सात्विक अभिनय के माध्यम से अपनी अभिनय कला को प्रस्तुत करता है। रामायण मे सीताजी, भरतजी, लक्ष्मणजी, हनुमानजी, गिद्धराज जटायु जैसे पात्रो का जीवन सेवाभाव की अमिट छाप है। रामजी ने दर्शाया कि एक दुष्ट व्यक्ति, शत्रु केवल जीवित रहने तक ही होता है मरने के पश्चात उससे बैरभाव नही रखना चाहिए दो अक्षर का प्यारा सहज व सरल नाम है राम इस रामनाम के सहारे पत्थर भी पानी मे तैर सकते है रामलीलाओ के माध्यम से हम जीवन को जीने की कला को सीखते है यदि हम रामायण का कुछ अंश भी अपने जीवन मे उतारे तो हम अपने जीवन को खुशहाल व समृद्धशाली बना सकते हैं। **-नरेश छाबड़ा ,रुद्रपुर**

# कंप्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। एकल अभियान से जुड़े एकल ग्राम उत्थान फाउंडेशन के सौजन्य से पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, थाना अध्यक्ष नानकमत्ता देवेंद्र गौरव, विश्व हिंदू के वरिष्ठ प्रचारक स्नेह पाल एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल के द्वारा फीता काटकर कंप्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। ग्राम समाज की महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए एकल अभियान के पंचमुखी कार्यक्रम के तहत इस केंद्र का प्रारंभ किया गया है। अंचल अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने बताया कि यह कंप्यूटर व सिलाई प्रशिक्षण केंद्र सभी वर्ग की महिलाओं के लिए उपलब्ध रहेगा। इसमें महिलाओं को प्रशिक्षण के साथ डिप्लोमा भी प्रदान किया जाएगा जिससे वह किसी भी सरकारी संस्था से ऋण प्राप्त कर अपना स्वरोजगार प्रारंभ कर सकती हैं। विशिष्ट अतिथि देवेंद्र गौरव थाना प्रभारी ने कहा कि एकल अभियान का यह एक स्वागत योग्य कदम है कि वह मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस प्रकार के केंद्र खोल रहा है, उन्होंने कहा कि इससे जुड़कर ग्राम समाज की महिलाएं



सशक्त व आत्मनिर्भर बनेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ प्रेम सिंह राणा ने एकल विद्यालय अभियान के इस पंचमुखी कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करी उन्होंने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह प्रयास रहा है कि वह भारत के प्रत्येक नागरिक और विशेष कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बना सकें। उन्होंने अपने संबोधन में कहा इस प्रकार के प्रशिक्षण केंद्र ग्राम समाज की महिलाओं के उत्थान के लिए क्रांतिकारी कदम साबित होंगे। इस अवसर पर शिक्षक व समाजसेवी सूरज सक्सेना ने कहा कि आज का युग संचार व तकनीक का युग है इसमें जहां महिलाएं परंपरागत सिलाई कढ़ाई करके स्वरोजगार अपना सकती हैं।डॉक्टर मनिंदर सिंह गुलाटी ने एकल अभियान के इस कदम की सराहना करते हुए मातृशक्ति को नमन किया। मुख्य वक्ता स्नेह पाल बाऊ जी ने कहा कि 34 वर्ष पूर्व धनबाद जिले के 10 गांवों से प्रारंभ हुआ एकल विद्यालय अभियान आज पूरे भारतवर्ष में एक लाख से अधिक गांवों में फैला हुआ है। एकल अभियान के माध्यम से समाज में फैली हुई कुरीतियां भेदभाव एवं शिक्षा को दूर करना इसका प्रमुख लक्ष्य रहा है। कार्यक्रम में रतनपुर फुलैय्या के ग्राम प्रधान श्याम मेहरा, प्रोग्राम कॉर्डिनेटर धर्मपाल,सुनील रैदानी अचल शर्मा, संतोष अग्रवाल,नर सिंह राणा , निशा भंडारी, सरोजनी राणा तथा सिलाई ब कंप्यूटर सेंटर से संबंधित सभी कार्यकता आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस छोड़ कई लोग भाजपा में शामिल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राम दानपुर में कई ग्रामीणों ने विधायक शिव अरोरा के समक्ष भाजपा की रीति नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने शामिल हुए आकाश जोशी,अंकुर चौधरी, आशीष, राजपाल सिंह, सुरेन्द्र, विनोद फौजी, विशाल कुमार,राजेश सिंह,मोहित, अजय को माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान



विधायक शिव अरोरा ने कहा कि निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी का परिवार दिन प्रतिदिन रुद्रपुर विधानसभा ने बढ़ता जा रहा है और अनेको लोगो भाजपा सरकार के कार्य और रीति नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं और आने वाले समय मे कई और बड़ी संख्या में लोगो भाजपा में शामिल होने वाले हैं। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष हरीश भट्ट, बीडीसी गुरबाज सिंह, ग्राम प्रधान पति मन्दीप वर्मा, राजकुमार चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मां भगवती जागरण और श्याम संकीर्तन में भजनों की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नवरात्रि प्रारंभ होने से पूर्व शनिवार रात्रि ट्रांजिट कैंप की आजाद नगर कॉलोनी में मां भगवती और बाबा श्याम खाटू का विशाल दरबार सजाया गया। दरबार में पूरी रात भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती



मीना शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने पहुंचकर दीप प्रज्वलित किया। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर आयोजकों द्वारा श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का फूलमाला पहनाकर एवं पीत वस्त्र डालकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर खेमकरण, धर्मवीर चौहान, राहुल मिश्रा, संजीव मिश्रा, मनोहर लाल, प्रमोद कुमार, कृष्ण पाल, रामधनी व अन्य लोग उपस्थित थे।

# अग्रवाल धर्मशाला वाली रोड का नाम हुआ अग्रसेन मार्ग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रूद्रपुर। अग्र बंधुओं की मांग पर मेयर रामपाल सिंह ने अग्रवाल धर्मशाला वाली सड़क का नाम महाराजा अग्रसेन मार्ग कर दिया है। रविवार को मेयर ने इसका विधिवत लोकार्पण किया। अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में मेयर रामपाल सिंह ने कार्यक्रम के मुख्याथिति श्री पूनम चंद अग्रवाल जी साथ महाराजा अग्रसेन जी की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित किया और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके साथ ही मेयर रामपाल ने अग्रवाल धर्मशाला वाले मार्ग का नाम महाराजा अग्रसेन मार्ग करने करने की घोषणा करते हुए इसका लोकार्पण किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि श्री अग्रवाल सभा, एवं अग्रवाल युवा संगठन, महिला संगठन द्वारा लम्बे समय से इस मार्ग का नाम महाराजा अग्रसेन मार्ग रखने के लिए अनुरोध किया जा रहा था। जिस पर बोर्ड की बैठक में इसका प्रस्ताव पारित किया गया और आज विधिवत इस मार्ग के नाम का लोकार्पण कर दिया गया है। आज से ये मार्ग महाराजा अग्रसेन मार्ग के नाम से जाना जाएगा। मेयर ने कहा कि महाराजा अग्रसेन समाज के लिए प्रेरणास्रोत काम किया था। उनकी इस विचारधारा को आज भी अग्रवाल समाज आगे बढ़ाकर जरूरतमंदों की मदद के लए हमेशा तत्पर रहता है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज की समाजसेवा समाज के लिए कोषाध्यक्ष नरेंद्र बंसल, संजय सिंघल, पूनम चंद्र अग्रवाल,मुंशी राम गोयल, पी डी अग्रवाल, सबजरंग लाल गर्ग, देवी दयाल गुप्ता, पवन अग्रवाल ,हेमंत गर्ग, सत्यनारायण बंसल,राज कुमार बिंदल,



हैं। उन्होंने समाज को नई दिशा देने का काम किया था। इसी लिए उन्हें भगवान के रूप में पूजा जाता है। उन्होंने जरूरतमंदों की मदद के लिए हर घर से एक ईंट और एक रुपया देने का वैचारिक आंदोलन चलाकर समाज को आपस में जोड़ने और मजबूत करने का अनुकरणीय है। अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में हर वर्ष अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन सप्ताह के तहत सेवा के जो कार्यक्रम किये जाते हैं उससे हजारों लोगों को लाभ मिलता है। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष गौतम रूंगटा, महामंत्री नितेश गुप्ता, सुषमा अग्रवाल, अमित जैन,हरी शंकर अग्रवाल, योगेंद्र जिंदल, गोपाल गोयल, अमित जैन, संजीव जैन, विजय अग्रवाल, सुरेश पालिया,महेश अग्रवाल, आदि समेत तमाम लोग मौजूद रहे मंच का सफल संचालन महामंत्री नितेश गुप्ता जी के द्वारा किया गया।

# स्कूलों के बाहर चलाया स्वच्छता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नगर निगम एवं सोचो डिफरेंट संस्था ने संयुक्त रूप से नगर के गुरुनानक कन्या विद्यालय एवं आर्य समाज कन्या विद्यालय के बाहर स्वच्छता अभियान चला कर गंदगी को हटाया गया। इस दौरान लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक



भी किया। संस्था के अध्यक्ष संदीप चावला ने अभियान में सहयोग के लिए मेयर रामपाल ,नगर निगम के मुख्य नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ,पार्षद आयुष तनेजा,पूर्व पार्षद सोनू अनेजा,हरीश चौधरी,राज कुमार सीकरी,जतिन नागपाल ,पार्षद श्रीमति दिव्या अनेजा,लक्ष्मण,कुलदीप राणा एवं नगर निगम के पर्यावरण मित्रों का आभार व्यक्त किया।

# हरिमंदिर में स्थापित हुई पावन ज्योत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नवरात्र के उपलक्ष्य में मां ज्वाला जी से लाई गयी पावन ज्योति का नगर में पहुंचने पर स्वागत किया गया। मां की पावन ज्योति को यहां हरि मंदिर में भी स्थापित किया इसके साथ ही मंदिर से मां की पावन ज्योति



को मनोकेश्वर मंदिर में भी स्थापित किया गया। इस मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पूरन चन्द्र अरोड़ा, पार्षद सोनू अनेजा, पंडित महेश चंद शर्मा, राजकुमार सीकरी, विनय बतरा, जतिन नागपाल आदि भक्ति उपस्थित थे।

# वन विभाग ने पकड़ी अवैध लकड़ी

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। वन अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत वन सुरक्षा दल छापा मारकर अवैध लकड़ी बरामद की है। प्रभागीय वनाअधिकारी तराईपूर्वी वन प्रभाग के निर्देशन में मुखविर की सूचना पर ग्राम तिलियापुर



में राम अवतार पुत्र प्रभुनाथ के घर पर वन सुरक्षा दल की टीम ने छापा मारा ।छापे के दौरान घर के पीछे गन्ने के खेत के समीप दो अवैध साल के लठ्ठे, 10 साल चिरान व 2 कुल्हाडी और एक आरा बरमाद किया गया। प्रकाष्ठ चिरान व चिरान में प्रयुक्त सामान को अपनी आभिरक्षा में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु किशन सिंह नेगी वन दरोगा को सुपुर्द किया गया। टीम में देवेन्द्र प्रसाद आर्या, उपराजिक निर्मल रावत वन दरोगा सोनू कुमार वन आरक्षी नरेन्द्र पाण्डे मौजूद थे ।

## पेज एक का शेष...

**इजराइल में फसे ..**से भारतीय नागरिकों को दिल्ली वापस लाया गया। इसमें उत्तराखंड के 10 नागरिक भी शामिल थे। इन नागरिकों को उत्तराखंड सरकार के प्रतिनिधि द्वारा एयरपोर्ट पर रिसीव किया और गंतव्य तक भेजने के लिए व्यवस्था की गई। इजराइल से सही सलामत भारत लौट कर सभी ने सरकार का शुक्रिया अदा किया। इजरायल से भारतीय नागरिकों की स्वदेश वापसी के लिए चल रहे ऑपरेशन अजेय के अंतर्गत शनिवार को अन्य नागरिकों के साथ उत्तराखंड की सोभिका परमार भी दिल्ली पहुंची। इससे पहले शुक्रवार को उत्तराखंड के दो नागरिकों की सकुशल स्वदेश वापसी हुई थी। इजरायल से भारतीयों को लेकर विशेष विमान शनिवार को दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा। इनमें देहरादून की सोभिका परमार भी शामिल थीं, जिनका ससुराल मेरठ (उप्र) में है। दिल्ली एयरपोर्ट पर सोभिका को उत्तराखंड सरकार के प्रतिनिधि ने रिसीव किया।

**लाखों की ठगी का ...**की तलाश माह जनवरी 23 से जारी थी । जिसके लिए एसटीएफ द्वारा काफी समय से विभिन्न राज्यों में दबिशे दे रही थी, आरोपी काफी शातिर किस्म का है जो पुलिस को चकमा देने के उद्देश्य से समय-समय पर अपनी लोकेशन बदल रहा था । साईबर पुलिस टीम ने अथक प्रयास से तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुये साक्ष्य एकत्रित करते हुये शनिवार देर रात को वांछित अभियुक्त विशाल सिंह पुत्र रनवीर सिंह को जनपद इटावा उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया । पकड़ा गया अभियुक्त पेशे से ट्रक चालक है। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि उसके द्वारा अपने साथी अभिषेक शा के साथ मिलकर फर्जी ट्रेजरी अधिकारी बनकर सरकारी नौकरी से रिटायर्ड कर्मियों से उनके फण्ड, ग्रेचुइटी आदि की रकम को उनके बैंक खातो में स्थानान्तरित करने के नाम पर लिंक भेजकर उनके खातो से लाखों रुपये की धोखाधडी की थी। धोखाधडी से प्राप्त धनराशि को विभिन्न बैक खातो में प्राप्त कर किया गया है। अभियुक्तगणों द्वारा उक्त कार्य हेतु फर्जी सिम, सोशल मीडिया प्रोफाईल तथा फर्जी खातों का प्रयोग कर ठगी की जाती है। साईबर ठग द्वारा देश में अन्य लोगों के साथ भी साईबर ठगी को अंजाम दिये जाने की आशंका है जिसकी जानकारी अन्य राज्यों की पुलिस के साथ संपर्क कर की जा रही है । पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिनेश कुमार पंत,हेड कांस्टैबल हेमचन्द्र मठपाल, कांस्टैबल जितेन्द्र कुमार आदि शामिल थे।

**पर्यटकों के खुला..**को जंगल सफारी के लिए रवाना किया। आमडंडा गेट को पार्क प्रशासन की ओर से फूल मालाओं से सजाया गया। इस मौके पर जिप्सी में सवार पर्यटकों का तिलक करते हुए उनका मुंह मीठा कराया गया। तीन माह बाद कॉर्बेट पार्क के खुलने पर पर्यटक काफी उत्साहित नजर आए।

**मां शैलपुत्री के पूजन...**घी, रूई बत्ती, रोली या सिंदूर, अक्षत नौ दिन के लिए हवन सामग्री आदि एकत्रित किया। इसी तरह हवन के लिए हवन कुंड, आम की लकड़ी, काले तिल, रोली या कुमकुम, अक्षत(चावल), जौ, धूप, पंचमेवा, घी, लोबान, लौंग का जोड़ा, गुग्गल, कमल गट्टा, सुपारी, कपूर, हवन में चढ़ाने के लिए भोग, शुद्ध जल (आचमन के लिए) पुष्प मिष्ठान शहद फल नारियल श्रृंगार सामग्री में चुनरी, चूड़ी, इत्र, सिंदूर, महावर, बिंदी, मेहंदी, काजल, बिछिया, माला, पायल, लाली व अन्य श्रृंगार के सामान पूजा स्थल पर रखने के बाद मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री के चित्र अथवा प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए विधि विधान से माता का आह्वान कल उनकी विधिवत पूजा अर्चना की गई। **काशीपुर**- शारदीय नवरात्रि के मौके पर चैती मेला मैदान स्थित मां बाल सुंदरी देवी मंदिर, गिरीताल के समीप स्थित मां चामुंडा देवी मंदिर, खड़कपुर देवीपुरा स्थित मां खोखरा देवी मंदिर, माता मंदिर रोड स्थित मां शीतला देवी मंदिर, आवास विकास स्थित मां दुर्गा देवी मंदिर, डॉक्टर लाइन स्थित मां मनसा देवी मंदिर, समेत क्षेत्र की सभी सिद्ध पीठ मंदिरों में सुबह सवेरे से ही मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना करने को लेकर श्रद्धालुओं की लगातार भीड़ बढ़ रही है।

**ट्रैक्टर ट्राली की ...**दिया। घटना के घटते ही घर में चीख पुकार मच गई। आनंद पालन में बच्चों को तत्काल पर जिलों द्वारा उपचार के लिए बाजपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मासूम दो बहनों के बीच इकलौता भाई था। घटना के बाद से परिवार में मातमी कोहराम मचा है।

**एक ही जमीन कई ...**अंकित की गई।आरोप है कि लिखित शपथ पत्र बनवाए जाने के बावजूद भी भूमि स्वामी ने नजमा खान, सावित्री सिंह, उजफा बेगम, फिरोज बानो, कमला देवी, रघुवीर सिंह, शादाब खान को अवैध रूप से जमीन बेचकर करीब 44 लाख रुपए प्राप्त कर लिए। पीड़ित ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**गौशाला के कर्मचारी...** केआर्मी के अस्पताल ले जाया गया जहां परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के 25 वर्षीय पुत्र धीरज तथा एक 27 वर्षीय पुत्री गुंजन है। घटना के बाद से मृतक की पत्नी सुमन तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**संदिग्ध हालातों मे...**को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे। फिलहाल पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# भारत ने 'पाकिस्तान' को फिर दिखाया- 'बाप, बाप ही होता है'

**अहमदाबाद में भारत ने बाबर सेना को सात विकेट से रौंदा, क्रिकेट विश्व कप में टीम इंडिया की पाक पर लगातार आठवीं जीत, पीएम मोदी ने दी भारतीय टीम को बधाई, इजरायल के राजदूत ने भी भारत की जीत पर जाहिर की खुशी, पाकिस्तान में टूटे एलईडी टीवी**

-अर्श-

रूद्रपुर। भारत तमाम क्षेत्रों सहित क्रिकेट में भी पाकिस्तान का बाप है ,यह बात भारत ने कल अहमदाबाद में हुए भारत बनाम पाकिस्तान के वर्ल्ड कप मैच में एक बार फिर साबित कर दी। लिहाजा विश्व कप में भारत पर जीत दर्ज करने का पाकिस्तान सपना एक बार फिर सपना ही रह गया। नीली जर्सी के समुद्र के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रोहित शर्मा का बल्ला कुछ ऐसा चला कि पाकिस्तानी आक्रमण की धार कुंद हो गई और इस चर्चित मुकाबले में भारत ने शनिवार को सात विकेट से एकतरफा जीत दर्ज करके चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ विश्व कप में जीत का रिकॉर्ड 8-0 कर लिया।महीनों पहले से जिस मैच के चर्चे थे उसमे ना तो शाहीन शाह अफरीदी को स्विंग मिली और ना ही बाबर आजम का बल्ला चला। इस महा मुकाबले में बल्ला भी मेजबान टीम का चला और गेंदबाज भी। गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 42।5 ओवर में 191 रन पर ढेर कर दिया और जवाब में बल्लेबाजों ने 30।3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया ।विश्व कप में 1992 के बाद से भारत की पाकिस्तान पर यह लगातार 8वीं जीत है। नवरात्रि की तैयारी में जुटे देश को टीम इंडिया की जीत ने एक दिन पहले ही उत्सवमय कर दिया और मैदान पर भारी तादाद में जुटे दर्शकों के उल्लास ने इसकी बानगी दी कि जीत का जश्न स्टेडियम में थमने वाला नहीं है। वहीं टीवी के आगे नजरें गड़ाए बैठे देश के कोने कोने में क्रिकेटप्रेमियों के लिए त्योहार की शुरुआत एक दिन पहले ही से हो गई। इस जीत के साथ भारत अंकतालिका में भी रनरेट में न्यूजीलैंड को पछाड़कर तीन मैचों में छह अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गया।वहीं पाकिस्तान टूर्नामेंट में पहली हार के बाद चौथे स्थान पर खिसक गया ।भारत की जीत के सूत्रधार रहे जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों ने वनडे विश्व कप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान को दूसरे न्यूनतम स्कोर पर आउट किया। इससे पहले 1999 में पाकिस्तानी टीम 180 रन पर आउट हो




गई थी। अफगानिस्तान के खिलाफ दिल्ली में रिकॉर्डतोड़ शतक के बाद लगातार दूसरे शतक की ओर बढ़ रहे रोहित 22वें ओवर में 86 रन बनाकर अफरीदी की गेंद पर इफ्तिखार को कैच देकर पवेलियन लौट गए ,लेकिन तब तक मैच पाकिस्तान की जद से निकल ही चुका था।रोहित ने 63 गेंद में छह चौकों और छह छक्कों की मदद से 86 रन बनाए। उनके जाने के बाद श्रेयस अय्यर (नाबाद 53) और केएल राहुल (नाबाद 19) ने जीत की औपचारिकता पूरी की।डेंगू से उबरकर लौटे शुभमन गिल (16) और विराट कोहली (16) सस्ते में आउट हो गए थे। इससे पहले भारत के लिए नई गेंद संभालने वाले सिराज और बुमराह ने अपनी लैंथ में बदलाव करके सीम का पूरा फायदा उठाते हुए पाकिस्तान के मध्यक्रमको निस्तेज कर दिया। भारतीय क्रिकेट टीम की इस शानदार जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समूची टीम को बधाई दी ।उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए अपने ट्वीट में लिखा- टीम इंडिया हर तरह से जबरदस्त प्रदर्शन के दम पर आज अहमदाबाद में एक शानदार जीत। टीम को बधाई और आगे के मैचों के लिए शुभकामनाएं। वहीं भारतीय क्रिकेट टीम के हाथों मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट फैंस में पाकिस्तान खिलाड़ियों के प्रति गहरी नाराजगी एवं निराशा है। पाकिस्तान में क्रिकेट प्रेमियों द्वारा हार से दुखी होकर टीवी फोड़ने की खबरें भी सामने आई है ।इतना ही नहीं पाकिस्तान के जाने-माने क्रिकेट फैन शिकागो चाचा ,जो की पाकिस्तान का हर क्रिकेट मैच देखने के लिए देश-विदेश तक पहुंचते हैं ,की तबीयत भी मैच के दौरान पाकिस्तान को हारता देख बिगड़ गई तथा उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। दूसरी ओर बिहार में जीत का जश्न मनाते समय दो गुटों के आमने-सामने आ जाने की भी खबर है ।ज्ञात हुआ है कि जीत के बाद की जा रही आतिशबाजी को लेकर दो गुट आमने-सामने आ गए। स्थिति इतनी तनाव पूर्ण निर्मित हो गई कि मौके पर पुलिस को पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करना पड़ा । उधर भारत की जीत पर इजरायल के राजदूत ने भी खुशी जाहिर की है। भारत में इजरायल के राजदूत नोर गिलोन ने ट्विटर पर लिखा कि हमें खुशी है कि क्रिकेट विश्व कप 2023 के मैच में इंडिया ने पाकिस्तान को रौंद दिया। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान अपनी जीत हमास के आतंकवादियों को समर्पित नहीं कर सका।हम हमारे भारतीय मित्रों द्वारा मैच के दौरान पोस्टर दिखाकर कर इजरायल के साथ अपनी एकजुटता दिखाने से हम बेहद भाव विभोर हैं। हम वास्तव में भारतीय मित्रों द्वारा मैच के दौरान पोस्टर दिखाकर इजराइल के साथ अपनी एकजुटता दिखाने से प्रभावित हुए।

## किच्छा में यातायात व्यवस्था के लिए नया प्लान तैयार

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर में बिगड़ती यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए पुलिस ने नया प्लान तैयार किया है।नगर में संचालित सभी टुकटुक ई रिक्शा का सत्यापन कराकर विशेष नंबर आवंटित करके संचालन की अनुमति दी जाएगी। सभी रिक्शा चालकों को रिक्शा के दाएं ओर पूर्ण रूप से जाली लगानी होगी। टुकटुक चालकों को अपना कोतवाली से विशेष नंबर लेकर टुकटुक पर अंकित करना होगा।कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र कुमार ने प्रेस वार्ता में कहा कि आरटीओ द्वारा जारी रजिस्ट्रेशन नंबर के अलावा कोतवाली द्वारा दिए गए नंबर को ई रिक्शा पर अंकित करके ही टुकटुक संचालन की अनुमति होगी ।उन्होंने कहा कि जिन रिक्शा चालकों का परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन नहीं है वह भी अपने रजिस्ट्रेशन नंबर ले लें। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि सभी रिक्शा स्वामी कोतवाली में बनाए गए ई रिक्शा रजिस्टर में अपना पूर्ण विवरण अंकित कराकर अपना नंबर आवंटित करेंगे तथा निर्धारित रूट पर ई रिक्शा का संचालन करेंगे। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी तथा ई-रिक्शा को सीज भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी टेंपो चालक, बस चालक मैजिक चालक, तथा अन्य यात्रियों को ढोने वाले वाहन जिनको परिवहन विभाग द्वारा यात्री लाने ले जाने लाने की अनुमति दी गई है अपने निर्धारित रूट पर ही वाहनों का संचालन करें । निश्चित मार्ग से बाहर आने जाने पर पूर्ण रूप से रोक लगी रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि नगर में अपराधों पर अंकुश लगाने ,यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए ये व्यवस्था की गई है।उन्होंने कहा कि टुक टुक स्वामी द्वारा यदि टुक-टुक स्वयं नही चलाया जा रहा होगा तो टुक टुक स्वामी द्वारा चालक का पूर्ण विवरण कोतवाली रजिस्टर में दर्ज कराना होगा यदि किसी भी अपराधिक घटना मे टुक टुक पकड़ा जाता है। टुक टुक स्वामी की जिम्मेवारी तय मानी जायेगी। उन्होंने कहा कि लगातार टुक टुक चालकों द्वारा यात्रियों के साथ अभद्रता किए जाने की शिकायतें मिल रही है। यही नहीं समान ढोने वाले वाहनों द्वारा भी नियमों का उल्लघंन किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि समान से लदे हर वाहन को लाल रंग का झण्डा वाहन के आगे पीछे लगाना होगा नही तो वाहन को सीज कर दिया जायेगा।



## छात्रों के गुट ने ट्यूशन जा रहे छात्र को घेरकर पीटा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। छात्रों के एक गुट ने ट्यूशन जा रहे छात्र को रास्ते में घेरकर बुरी तरह लात घूंसों से पीट दिया। घायल छात्र को अस्पताल भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में रविन्द्र नगर निवासी हरजीत राठी पुत्र शिवनाथ सिंह राठी ने कहा कि उसका पुत्र आर्यन प्रताप सिंह राठी ट्यूशन पढ़ने के बाद स्कूटी से घर के लिए निकला तो आदर्श कॉलोनी, प्रेम आश्रम के पास पहले से घात लगाये बैठे रवि केश यादव पुत्र दान बहादुर यादव निवास-भदईपुरा, आयुष अरोरा पुत्र अजय अरोरा निवासी-मटके वाली गली मेन मार्केट, गोपेश जैन पुत्र राधेश्याम बंसल निवासी बालाजी मंदिर रोड,आदर्श कॉलोनी ने पुत्र को लात-घूसों से बुरी तरीके से पीट दिया। पूर्व में गोपेश जैन के साथ ट्यूशन में कहा सुनी हुई थी।तभी से गोपेश और उसके साथी दुश्मनी रखते थे।हमले में पुत्र के कान का परदा फट गया और दांतों में गम्भीर चोट आयी एवं आगे के दो दांत आधा-आधा टूट गये हैं। हाथ के कलाई में व शरीर में गुम चोटे आयी हैं। उक्त लोगों ने पुत्र को जान से मारने की धमकी भी दी है। पूरी घटना गली के सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

